शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 34 |
| आर्द्रता | 61% |
| सूर्योदय: 5:33 | सूर्यास्त: 17:11 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समागम

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार , पांच और छह पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 10, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जिंदगी परिवर्तन से बनी है, घबराएं नहीं, बल्कि उसे स्वीकार करें।




हर राज्य में भगोड़ों के लिए विशेष जेल बनें, रेड नोटिस के बाद पासपोर्ट रद्द किए जाएं: अमित शाह पृष्ठ 7





अपने पुराने सोने के गहने लाएं और बदले में बिल्कुल नए हॉलमार्क डिज़ाइन वाले गहने पाएं। बिना किसी कटौती या छुपे कट के, अपने पुराने सोने का 100% मूल्य पाएं।

100% मूल्य*
पुराना सोना बदलने पर

SENCO GOLD & DIAMONDS™
OLD GOLD EXCHANGE PLAN




SENCO GOLD & DIAMONDS™

धनतेरस शगुन
ऑफ़र

सोने के गहने
₹1000 तक की
प्रति ग्राम कैशबैक*
न्यूनतम ₹ 700/-* प्रति ग्राम कैशबैक

हीरे के गहने
15%* तक की छूट*

100%* मूल्य पुराना सोना बदलने पर

1 केजी तक सोना* जीतने का मौका पाएं

प्रत्येक ₹10,000/-* के ट्रांजेक्शन पर ₹500/-* का स्पेशल कूपन

*नियम एवं शर्तें लागू *₹1000 = ₹300 SGL कूपन + ₹200 SENNES कूपन + ₹500 की छूट/ग्राम बनवाई पर

शगुन कलेक्शन के बारे में जानने के लिए QR कोड स्कैन करें

100% एक्सचेंज वैल्यू | प्रमाणित असली हीरे | बाइबैक सुविधा | जीवन भर मेन्टेनेंस | मुफ़्त बीमा

TRA'S BRAND TRUST REPORT 2025 Power of Trust | Like & Follow us at | SGL Peace of mind, Assured. | 185+ स्टोर्स | FRANCHISEE ENQUIRY: 9874453366 | Scan here to know your nearest Senco Store!

7605023222 | 1800 103 0017 | sencogoldanddiamonds.com

UP TO ₹7,500 INSTANT DISCOUNT# SBI card

#Min. Trxn.: ₹50,000; Max. Discount: ₹7,500 per card; Validity: 11 Oct - 20 Oct 2025. T&C Apply.




Visit our D'Signia showrooms

CAMAC STREET: 22 Camac Street, Block A, Ground Floor, Kolkata - 700016, Ph.: 033-46039003/ 7595089141/7595057964

KANKURGACHI: P-344, C.I.T ROAD, Scheme-VI M, Ward No-31, Kankurgachi, Kolkata - 700054, Ph.: 9147065072

SALT LAKE: Premises No: DD-30, Sector -1, Saltlake City, Near City Centre 1, Kolkata - 700064. Ph.: 033-29862244/ 7596089698/7605042567

www.sennes.in




इको-फ्रेंडली हीरे,
लैबोरेटरी में कुशलतापूर्वक तैयार

प्रयोगशाला में खनन किए गए हीरों के समान तापमान और दबाव के उपयोग से तैयार किया गया है

14 कैरेट और 18 कैरेट में लैब-विकसित अपने पसंदीदा हीरे के गहनों में से चुनें।

फ्लैट 30%* छूट हीरे के मूल्य पर + फ्लैट 50%* छूट बनवाई पर

जिम्मेदार | स्थायी | पर्यावरण के अनुकूल

Available at Stores: INOX FORUM MALL: Inox Forum Mall, 3rd Floor, Bhowanipore, Kolkata-700020, Ph.: 9147360617 | MANI SQUARE MALL: Mani Square Mall, Ground Floor, Kolkata-700054, Ph.: 91473 63660 | CITY CENTRE 2: Ground Floor, City Centre, New Town, Kolkata-700157, Ph.: 7004731327 | AIRPORT: Opposite to Gate No: 22, Security Hold Area, NSCBI Airport, Dumdum, Kolkata-700052, Ph.: 9147389466/9147389467 | CAMAC STREET: Camac Square Building, Ground Floor, Opp Vardan Market, Ph.: 9147359872/9147405536 | BHUBANESWAR: 2nd floor Utkal Galleria Mall, Goutam Nagar, Bhubaneswar Odisha - 751014, Ph.: 9147710070 | PATNA: 1st Floor, Citi Centre Mall, Lodipur, Patna, Bihar 800001, Ph.: 8981222085 | Hyderabad: Shop no 8, ground floor, Amrutha Mall, Somajiguda, Hyderabad - 500016, Ph.: 9147764277

और भी कलेक्शन देखने के लिए QR कोड स्कैन करें।

|| धनतेरस 18 और 19 अक्टूबर 2025 को है। ||

## आवश्यक सुधारों से ही आर्थिकी को गति

जिस अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ पर पश्चिमी शक्तियों के मंसूबों के अनुरूप सुर में सुर मिलाने का आक्षेप लगता रहा है, यदि वह अब भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर दर्शाए तो इसे हम अपनी आर्थिकी की ताकत के रूप में देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आईएमएफ ने वर्ष 2025-26 के लिये भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.6 कर दिया है। इस नवीनतम अपडेट से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में देश की स्थिति और मजबूत हुई है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह संशोधन लचीली घरेलू खपत, मजबूत सेवा निर्यात और स्थिर सार्वजनिक निवेश के दृष्टिगत किया है। यह सुखद ही कहा जाएगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मनमाने और भारी-भरकम टैरिफ का कोई बड़ा नकारात्मक प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर दृष्टिगोचर नहीं होता है। लेकिन इस आशावाद के बावजूद हमें अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य की वास्तविकता का भी ध्यान रखना चाहिए। जिसके मूल में तमाम व्यापारिक व्यवधान, अमेरिकी टैरिफ वृद्धि और सख्त वित्तीय स्थितियों जैसे घटक भी शामिल हो सकते हैं। जो प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से कहीं न कहीं भारत की आर्थिक गति को प्रभावित कर सकते हैं। निर्विवाद रूप से भारत की अर्थव्यवस्था में आईएमएफ का भरोसा, मजबूत भारतीय घरेलू बाजार, राजकोषीय अनुशासन और औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि के उद्देश्य से किए गए सुधारात्मक उपायों के चलते जगा है। वहीं दूसरी ओर बुनियादी ढांचे पर खर्च, डिजिटल परिवर्तन को प्रोत्साहन और बेहतर कर संग्रह ने व्यापक आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत ही किया है। हालांकि निर्यात, विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र, संरक्षणवादी नीतियों और कमजोर वैश्विक मांग के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर चीन की मंदी और पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्संतुलन के साथ, भारत के सामने चुनौती और अवसर दोनों ही मौजूद हैं। ऐसे में भारत के लिए जरूरी है कि वह वैश्विक व्यापार में संतुलन बनाते हुए आत्मनिर्भरता की राह में कदम आगे बढ़ाए।

इसमें दो राय नहीं हो सकती है कि केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था की मौजूदा चुनौती को महसूस करते हुए 'मेक इन इंडिया' की मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास एक आंदोलन के रूप में किया है। दरअसल, केंद्र सरकार द्वारा 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत विनिर्माण पर खासा जोर दिया जा रहा है। इसमें केंद्र सरकार की प्राथमिकता इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण, सेमीकंडक्टर और हरित प्रौद्योगिकियों के लिये लक्षित प्रोत्साहनों को बढ़ावा देना है। निस्संदेह ये प्रयास कालांतर देश के औद्योगिक आधार को व्यापक रूप से मजबूत बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। लेकिन सरकार को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि हम अल्पकालिक लक्ष्यों के बजाय दीर्घकालीन जरूरतों को अपनी प्राथमिकता बनाएं। इसके लिये जरूरी है कि श्रम बाजार, भूमि अधिग्रहण में सुधार और व्यापार में कामकाज को आसानी को बढ़ावा दें। निस्संदेह, इन क्षेत्रों में गहन संरचनात्मक सुधारों की सख्त आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार की प्राथमिकता मुद्रास्फीति पर नियंत्रण की भी होनी चाहिए। महंगाई के बढ़ने से लोगों की क्रय शक्ति प्रभावित होती है, जिससे मांग व पूर्ति का संतुलन बिगड़ता है। वहीं दूसरी ओर कृषि उत्पादकता और रोजगार सृजन को भी नीतिगत एजेंडे के केंद्र में रखना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि आज भारत की आर्थिक सफलता की कहानी हमारे सतर्क आत्मविश्वास की परिणति है। देश की घरेलू अर्थव्यवस्था के लचीलेपन ने इसे कई बाहरी झटकों से बचाया है। लेकिन वहीं दूसरी ओर हमारी आत्मसंतुष्टि इस लाभ को कम सकती है। इसके अलावा दीर्घकालिक स्थिरता के लिये, भारत सरकार को राजकोषीय विवेक बनाए रखना होगा। वहीं दूसरी तरफ मानव पूंजी, उत्पादकता और नवाचार में निवेश को बढ़ाना होगा। निस्संदेह, हमारा विकास तभी सार्थक होगा जब वह समावेशी हो। वह देश के लाखों गरीब लोगों को ऊपर उठाने में सक्षम हो, न कि केवल सिर्फ सांख्यिकीय संकेतकों को बढ़ावा देने वाला हो। हमारी आर्थिक यात्रा में निरंतर स्थिरता बनी रहे, इसके लिये देश को आर्थिक सुधार की राह चुननी होगी ।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 अक्टूबर, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष एकादशी, 11:14 तक, नक्षत्र : मघा, 13:56 तक, योग : शुक्ला, 25:41 तक, सूर्योदय: 5:33, सूर्यास्त: 17:11, चन्द्रोदय : 01:48, चन्द्रास्त: 14:47, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 09:55 से 11:21

## राशिफल

**मेष :** आज के दिन की गई यात्रा में आपको सफलता मिलेगी। हालांकि दोपहर के बाद किसी उच्चाधिकारी से वाद-विवाद की स्थिति बनती हुई नजर आ रही है। अतिथि के आने से खर्चे बढ़ सकते हैं।

**वृष :** आज का दिन वृष राशि के जातकों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। कार्यस्थल पर किसी अधिकारी से मतभेद संभव दिख रही है। परिवार के साथ समय बिताने का समय मिलेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए शुक्रवार का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण दिख रहा है। परिवार में किसी प्रियजन से अलग होने का दुख मन को परेशान कर सकता है। खुशी का वातावरण बना रहेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के लिए शुक्रवार, 17 अक्टूबर का दिन भाग्योदय लेकर आया है। चंद्रमा के अनुकूल प्रभाव से व्यापार और साझेदारी में सफलता के योग बनते हुए नजर आ रहे हैं।

**सिंह :** सिंह राशि के जातकों के लिए 17 अक्टूबर का दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी लोकप्रियता आज के दिन बढ़ती हुई दिख रही है। इस दौरान विरोधी सक्रिय दिख रहे हैं।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन सम्मान रहने वाला है। शनि और केतु का योग उत्तम संपत्ति प्राप्ति का संकेत दे रहा है। इस दौरान समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए आज का दिन लाभ से भरा रहने वाला है। शुक्र ग्रह के प्रभाव से भौतिक सुख-सुविधाओं में आज के दिन वृद्धि होगी। जीवनसाथी का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन परोपकार से भरा रहेगा। दूसरों की मदद करने करने का मौका मिलेगा, जिससे आपको मानसिक शांति प्राप्त होगी।

**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन थोड़ा तनावपूर्ण रह सकता है। मंगल की स्थिति परिवार में अशांति और मतभेद उत्पन्न कर सकती है। ऐसे में आपको संयम से काम लेना होगा।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए आज अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं। किसी नई डील से लाभ प्राप्त होगा। घर में किसी सदस्य की तबीयत खराब होने से मानसिक तनाव हो सकता है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। चंद्रमा के प्रभाव से किसी बड़ी सफलता का समाचार प्राप्त हो सकता है। प्रियजनों के साथ आनंद में बीतेगा।

**मीन :** मीन राशि के जातकों के लिए आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। गुरु का प्रभाव करियर में प्रगति के संकेत दे रहा है। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा।

# चिकित्सा के देवता माने जाते हैं भगवान धन्वन्तरि



रमेश सर्राफ धमोरा

**18 अक्टूबर धन्वन्तरि जयन्ती पर विशेष**

धन्वन्तरि को हिन्दू धर्म में देवताओं के वैद्य माना जाता है। ये एक महान चिकित्सक थे जिन्हें देव पद प्राप्त हुआ। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ये भगवान विष्णु के अवतार समझे जाते हैं। इनका पृथ्वी लोक में अवतरण त्रयोदशी के दिन हुआ था। इसीलिये दीपावली के दो दिन पूर्व धनतेरस को भगवान धन्वन्तरि का जन्म धनतेरस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन इन्होंने आयुर्वेद का भी प्रादुर्भाव किया था। इन्हें भगवान विष्णु का रूप कहते हैं जिनकी चार भुजायें हैं। उपर की दोंनों भुजाओं में शंख और चक्र धारण किये हुये हैं। जबकि दो अन्य भुजाओं मे से एक में औषध तथा दूसरे मे अमृत कलश लिये हुये हैं।

आयुर्वेद चिकित्सा करनें वाले वैद्य इन्हे आरोग्य का देवता कहते हैं। इन्होंने ही अमृतमय औषधियों की खोज की थी। इनके वंश में दिवोदास हुए जिन्होंने शल्य चिकित्सा का विश्व का पहला विद्यालय काशी में स्थापित किया था। जिसके प्रधानाचार्य सुश्रुत बनाये गए थे। सुश्रुत दिवोदास के ही शिष्य और ऋषि विश्वामित्र के पुत्र थे। उन्होंने ही सुश्रुत संहिता लिखी थी। सुश्रुत विश्व के पहले शल्य चिकित्सक थे। दीपावली के अवसर पर कार्तिक त्रयोदशी-धनतेरस को भगवान धन्वंतरि की पूजा करते हैं। कहते हैं कि शंकर ने विषपान किया। धन्वंतरि ने अमृत प्रदान किया और इस प्रकार काशी कालजयी नगरी बन गयी।

आयुर्वेद के सम्बन्ध में सुश्रुत का मत था कि ब्रह्माजी ने पहली बार एक लाख श्लोक के आयुर्वेद का प्रकाशन किया था। जिसमें एक सहस्र अध्याय थे। उनसे प्रजापति ने पढ़ा तदुपरांत उनसे अश्विनी कुमारों ने पढ़ा और उन से इन्द्र ने पढ़ा। इन्द्रदेव से धन्वंतरि ने पढ़ा और उन्हें सुन कर सुश्रुत मुनि ने आयुर्वेद की रचना की। इसके उपरान्त अग्निवेश तथा अन्य शिष्यों के तन्त्रों को संकलित तथा प्रतिसंस्कृत कर चरक द्वारा चरक संहिता के निर्माण का भी आख्यान है।

धन्वन्तरि देवताओं के वैद्य और चिकित्सा के देवता माने जाते हैं। इसलिए चिकित्सकों के लिए धनतेरस का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। धनतेरस के संदर्भ में एक लोक कथा प्रचलित है कि एक बार यमराज ने यमदूतों से पूछा कि प्राणियों को मृत्यु की गोद में सुलाते समय तुम्हारे मन में कभी दया का भाव नहीं आता क्या। दूतों ने यमदेवता के भय से पहले तो कहा कि वह अपना कर्तव्य निभाते है और उनकी आज्ञा का पालन करते हैं। परन्तु जब यमराज ने दूतों के मन का भय दूर कर दिया तो उन्होंने कहा कि एक बार राजा हेमा के ब्रह्मचारी पुत्र का प्राण लेते समय उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर हमारा हृदय भी पसीज गया था। लेकिन विधि के विधान के अनुसार हम चाह कर भी कुछ न कर सके।

हमारे देश में सर्वाधिक धूमधाम से मनाए जाने वाले त्योहार दीपावली का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। इसी दिन से घरों की लिपाई-पुताई प्रारम्भ कर देते हैं। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी के दिन ही भगवान धन्वन्तरि का जन्म हुआ था। इसलिए इस तिथि को धनतेरस के नाम से जाना जाता है। धन्वन्तरि जब प्रकट हुए थे तो उनके हाथो में अमृत से भरा कलश था। भगवान धन्वन्तरि पीतल का कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए ही इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परम्परा है। इस अवसर पर धनिया के बीज खरीद कर भी लोग घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग-बगीचों में या खेतों में बोते हैं।

एक दूत ने बातों ही बातों में तब यमराज से प्रश्न किया कि अकाल मृत्यु से बचने का कोई उपाय है क्या। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए यम देवता ने कहा कि जो प्राणी धनतेरस की शाम यम के नाम पर दक्षिण दिशा में दीया जलाकर रखता है उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती है। इस मान्यता के अनुसार धनतेरस की शाम लोग आंगन में यम देवता के नाम पर दीप जलाकर रखते हैं।

महाभारत तथा पुराणों में विष्णु के अंश के रुप में उनका उल्लेख प्राप्त होता है। उनका प्रादुर्भाव समुद्रमंथन के बाद निर्गत कलश से अण्ड के रुप मे हुआ। समुद्र के निकलने के बाद उन्होंने भगवान विष्णु से कहा कि लोक में मेरा स्थान और भाग निश्चित कर दें। इस पर विष्णु ने कहा कि यज्ञ का विभाग तो देवताओं में पहले ही हो चुका है। अतः यह अब संभव नहीं है। देवों के बाद आने के कारण तुम (देव) ईश्वर नहीं हो। अतः तुम्हें अगले जन्म में सिद्धियां प्राप्त होंगी और तुम लोक में प्रसिद्ध होगे। तुम्हें उसी शरीर से देवत्व प्राप्त होगा और द्विजातिगण तुम्हारी सभी तरह से पूजा करेंगे। तुम आयुर्वेद का अष्टांग विभाजन भी करोगे। द्वितीय द्वापर युग में तुम पुनः जन्म लोगे इसमें कोई सन्देह नहीं है।

इस वर के अनुसार पुत्रकाम काशीराज धन्व की तपस्या से प्रसन्न हो कर जब भगवान ने उसके पुत्र के रुप में जन्म लिया और धन्वंतरि नाम धारण किया। धन्व काशी नगरी के संस्थापक काश के पुत्र थे। वे सभी रोगों के निवराण में निष्णात थे। उन्होंने भरद्वाज से आयुर्वेद ग्रहण कर उसे अष्टांग में विभक्त कर अपने शिष्यों में बांट दिया। वैदिक काल में जो महत्व और स्थान अश्विनी को प्राप्त था वही पौराणिक काल में धन्वंतरि को प्राप्त हुआ। जहां अश्विनी के हाथ में मधुकलश था वहां धन्वंतरि को अमृत कलश मिला, क्योंकि विष्णु संसार की रक्षा करते हैं। इसीलिये रोगों से रक्षा करने वाले धन्वंतरि को विष्णु का अंश माना गया है। (लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

# बिहार : नामांकन के अंतिम दिन तक महागठबंधन में सीटों के लिये घमासान



अजय कुमार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए शुक्रवार, 17 अक्टूबर को नामांकन का अंतिम दिन है, लेकिन उससे पहले ही विपक्षी इंडी गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर घमासान चरम पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस के बीच सीटों की हिस्सेदारी को लेकर मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं, वहीं तीसरे और छोटे सहयोगी दल भी अपनी-अपनी सियासी हैसियत के हिसाब से ज्यादा सीटों की मांग कर रहे हैं। गठबंधन को एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरना था ताकि सत्ता पक्ष को टक्कर दी जा सके, लेकिन आज की स्थिति देखकर लगता है कि अंदरूनी सिर फुटव्वल ने विपक्षी एकजुटता की तस्वीर को धुंधला कर दिया है।बिहार की सियासत में राजद और कांग्रेस का साथ नया नहीं है, लेकिन इस बार की परिस्थिति कुछ अलग है। लालू प्रसाद यादव की राजनीतिक उत्तराधिकारी मानी जाने वाली पार्टी राजद को गठबंधन का नेतृत्वकर्ता दल माना जा रहा है, जबकि कांग्रेस अपने परंपरागत वोट बैंक और राष्ट्रीय पहचान के आधार पर अधिक सीटों की मांग पर अड़ी हुई है। इसी मुद्दे को लेकर बीते बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना में राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। मुलाकात बंद कमरे में करीब एक घंटे तक चली, जिसमें तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने करीब 80 सीटों की मांग रखी है, जबकि राजद उसे 50 से अधिक देने के मूड में नहीं है। इस खींचतान के बीच यह गठबंधन कमजोर दिखने लगा है।

राजद की ओर से तर्क दिया जा रहा है कि बिहार में उनकी संगठनात्मक पकड़ कांग्रेस से कहीं ज्यादा गहरी है। 2020 के चुनाव में भी कांग्रेस 70 सीटों पर लड़ी थी, लेकिन केवल 19 सीटें जीत पाई थी। इससे राजद नेतृत्व यह तर्क दे रहा है कि कांग्रेस का प्रदर्शन उम्मीद से काफी खराब रहा था, इसलिए इस बार उसे कम सीटों पर लड़ा जाना चाहिए। उधर कांग्रेस का कहना है कि उसकी उपस्थिति राज्य के लगभग सभी जिलों में है और गठबंधन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देने के लिए उसे पर्याप्त राजनीतिक स्पेस मिलना चाहिए। दोनों दलों के बीच सीटों की अपनी-अपनी दावेदारी के बीच इन दलों की राजनीतिक बयानबाजी सड़क चौराहों पर पहुंच गई है, जिससे कार्यकर्ताओं में भी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश साहनी गठबंधन में असंतोष के सबसे मुखर आवाज बनकर उभरे हैं। साहनी, जो खुद को 'मल्लाह समाज का चेहरा' बताते हैं, को अब तक केवल 4 से 5 सीटों की पेशकश की गई है, जबकि वे कम से कम 15 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की मांग कर रहे हैं। राजद नेताओं का कहना है कि वीआईपी की संगठनात्मक ताकत सीमित है और इतनी सीटें देना समीकरणों के हिसाब से संभव नहीं है। इससे नाराज मुकेश साहनी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर अपनी रणनीति स्पष्ट करने का ऐलान किया है। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा है कि साहनी इंडी गठबंधन छोड़ स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतर सकते हैं या किसी तीसरे मोर्चे से हाथ मिला सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो गठबंधन की एकजुटता और कमजोर पड़ जाएगी।

उधर, कांग्रेस और राजद के बीच जो पेंच फंसा है, उसमें मध्यस्थता की जिम्मेदारी वामपंथी दलों को सौंपी गई है। लेकिन सीप-ीआई और सीपीएम जैसे दलों की राज्य में सीमित ताकत होने के कारण वे इस विवाद को सुलझा पाने की स्थिति में नहीं दिख रहे हैं। बीजेपी और एनडीए खेमे में इस खेमेबाजी को लेकर खुशी का माहौल है। एनडीए रणनीतिकारों का कहना है कि जब विपक्ष खुद एक मंच पर नहीं टिक पा रहा तो जनता को क्या भरोसा दिलाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुनः सत्ता में आने के बाद से राजद और कांग्रेस लगातार एनडीए सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई, किसान मुद्दों और भ्रष्टाचार को लेकर हमले कर रहे हैं, लेकिन अंदरूनी मतभेदों ने उनकी राजनीतिक धार को कुंद कर दिया है।बिहार के राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि सीट बंटवारा केवल संख्या का खेल नहीं बल्कि जातीय समीकरणों, क्षेत्रीय प्रभाव और स्थानीय नेतृत्व की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ होता है। राजद यादव-मुस्लिम समीकरण पर टिके रहना चाहता है, जबकि कांग्रेस ब्राह्मण, बनिया और अनुसूचित जाति के मतदाताओं को साधने की रणनीति बना रही है। वीआईपी का आधार मल्लाह समुदाय में है, और इस वर्ग के वोट कई सीटों पर निर्णायक हो सकते हैं। यदि यह वर्ग अलग दिशा में चला गया, तो नुकसान राजद-कांग्रेस गठबंधन को ही होगा।अंदरूनी खींचतान का दूसरा पहलू स्थानीय नेताओं की नाराजगी है। राजद के कुछ पुराने नेताओं को टिकट वितरण की प्रक्रिया में परिवारवाद का आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज कराते देखा गया है। कई जगहों पर कार्यकर्ताओं ने कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया है। कांग्रेस में भी असंतोष खुलकर सामने आ गया है, क्योंकि टिकट मांगने वालों की संख्या अत्यधिक है लेकिन सीटें सीमित। राहुल गांधी और लालू यादव की बैठक से पहले कांग्रेस हाईकमान ने अपने बिहार प्रभारी को निर्देश दिया था कि वे युवा चेहरों को प्राथमिकता दें, लेकिन इससे पुराने नेताओं में असंतोष फैला है।

राजनीतिक पर्यवेक्षक यह भी मानते हैं कि राहुल गांधी की लालू यादव से मुलाकात एक 'सेव-द-एलायंस' प्रयास थी, जहां दोनों वरिष्ठ नेताओं ने गठबंधन को अंतिम क्षण तक टूटने से बचाने की कोशिश की है। लेकिन बिहार जैसे राज्य में, जहां जातीय और क्षेत्रीय समीकरण हर चुनाव को प्रभावित करते हैं, वहां सीट बंटवारा केवल ऊपर के स्तर का समझौता नहीं बल्कि जमीनी परिघटना होती है। अगर इस पर मजबूत तालमेल नहीं बैठा तो उम्मीदवारी फॉर्म भरने के अंतिम दिन तक कई सीटों पर गठबंधन की स्थिति अस्पष्ट रह सकती है। अब जबकि नामांकन की अंतिम तारीख सिर पर है, हर घंटे गठबंधन के भीतर नई खींचतान और बयानबाजियां सामने आ रही हैं। राजद चाहती है कि अंतिम सूची इसी रात तक जारी कर दी जाए ताकि शुक्रवार को नामांकन संभव हो सके, जबकि कांग्रेस ने अपने केंद्रीय नेतृत्व की दिल्ली में बैठक बुला ली है। उसी समय मुकेश साहनी की प्रेस कॉन्फ्रेंस और उसके संभावित नतीजे पूरे समीकरण को और उलझा सकते हैं।

बिहार की जनता इन सब राजनीतिक जटिलताओं को बारीकी से देख रही है। जनता के लिए मुद्दे वही हैं रोजगार, शिक्षा, कानून व्यवस्था और महंगाई लेकिन विपक्ष जब खुद के भीतर बंटा हुआ दिखता है तो उसकी वैकल्पिक राजनीति की विश्वसनीयता पर सवाल उठते हैं। 2020 के चुनाव में भी विपक्षी एकता के बावजूद एनडीए ने मुश्किल से जीत हासिल की थी, पर इस बार के भीतरूनी मतभेद विपक्ष को और कमजोर बना सकते हैं। कल के दिन नामांकन की अंतिम तिथि बीतते ही तस्वीर कुछ साफ जरूर होगी कि गठबंधन एकजुट होकर मैदान में उतरता है या सीट बंटवारे की इस खींचतान में उसका ढांचा बिखर जाता है। अभी के संकेत बताते हैं कि राहुल गांधी और लालू यादव की बैठक के बावजूद समन्वय पूरी तरह नहीं बन पाया है। ऐसे में बिहार के मतदाता अब इस इंतजार में हैं कि क्या विपक्षी दल अपनी अंतर्विरोधी राजनीति से ऊपर उठकर सत्ता पक्ष को वास्तविक चुनौती देंगे या फिर आंतरिक सिर फुटव्वल ही उनकी सबसे बड़ी कमजोरी बनेगी। -वरिष्ठ पत्रकार

# बिहार में जदयू का ओबीसी तो बीजेपी का अगड़ों-दलितों पर बड़ा दांव



संजय सक्सेना

बिहार विधान-सभा चुनाव 2025 में एनडीए ने सीटों का बंटवारा पूरी रणनीतिक सोच और जातीय गणित को ध्यान में रखते हुए किया। भाजपा और जदयू दोनों ने अपनी परंपरागत और मजबूत जातीय आधारों को साधने के लिए टिकट वितरण में खासा फोकस रखा। दोनों दलों की सूची से साफ है कि वे बिहार के वोट बैंक की विविधता को समेटने की कोशिश में हैं, ताकि किसी भी वर्ग या समुदाय की नाराजगी ना हो और विरोधी दलों की सामाजिक न्याय की राजनीति को चुनौती दी जा सके। इस चुनाव में दागी उम्मीदवारों की संख्या भी चर्चा का विषय रही है, जिसमें एनडीए के नाम कई गंभीर आरोपों वाले प्रत्याशी शामिल हैं।

एनडीए के सीट बंटवारे की शुरुआत इस बार 243 में से भाजपा और जदयू को 101-101 सीटें देकर हुई और बाकी सीटें सहयोगी दलों को दी गईं। सीटें तय करते वक्त एनडीए ने यह ध्यान रखा कि जदयू यानी नीतीश कुमार की पार्टी पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्गों में मजबूत है, जबकि भाजपा का प्रभाव सवर्ण, वैश्य, कुछ पिछड़ी जातियों एवं दलितों में पसंद किया जाता है। टिकट वितरण के समय भाजपा ने अपनी पहली सूची में 71 उम्मीदवार उतारे, जिसमें सवर्ण यानी राजपूत, भूमिहार, ब्राह्मण, कायस्थ जैसी पारंपरिक जातियों के 34 नेताओं को मौका दिया गया। ये वो जातियां हैं, जिनका बीजेपी के साथ वोट बैंक सबसे मजबूत माना जाता है।

इसके साथ ही भाजपा ने सामाजिक संतुलन साधते हुए करीब 50 फीसदी टिकट ओबीसी, दलित, ईबीसी जैसी सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को दिए। पार्टी ने 9 महिला उम्मीदवारों को भी जगह दी, ताकि महिला मतदाताओं को साधा जा सके। मुस्लिम प्रत्याशी भाजपा ने एक भी नहीं उतारे। यह भी भाजपा की परंपरागत रणनीति का हिस्सा है, जहां वह हिंदू बहुल सीटों पर फोकस कर रही है। टिकट पाने वालों में दोनों डिप्टी सीएम, कई पूर्व उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ विधायक शामिल हैं, वहीं कुछ पुराने दिग्गजों का टिकट काटकर नई पीढ़ी को मौका भी दिया गया।


जदयू ने भी जातीय समीकरणों को साधते हुए अपनी पहली सूची में 57 उम्मीदवार उतारे, जिसमें 22 पिछड़ा वर्ग और 10 अति पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशी हैं। यानी कुल 56 फीसदी टिकट पिछड़ी और अत्यंत पिछड़ी जातियों को दिए गए। महादलित, दलित और मुस्लिम प्रत्याशी भी जदयू की प्राथमिकता में रहे, मगर जदयू की पहली सूची में मुस्लिम उम्मीदवार नहीं मिले जबकि दूसरी सूची में चार मुस्लिम प्रत्याशी उतारे गए हैं। अति पिछड़ा वर्ग की संख्या के लिहाज से यह फैसला बिहार के सामाजिक ताने-बाने पर सीधा असर डालता है, क्योंकि राज्य की आबादी में 36 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं जातियों का है। जदयू ने अपने पुराने मंत्रियों एवं विधायकों को दोबारा मौका दिया, जिससे इन वर्गों में पार्टी की पकड़ मजबूत बनी रहे। कुछ सीटों पर जदयू व लोजपा (चिराग पासवान) के बीच विवाद देखा गया, मगर जदयू ने अपने दावे वाली सीटों पर समझौता नहीं किया।

एनडीए की सूची दागी उम्मीदवारों के मसले पर भी सवालों की जद में रही है। चुनावी विश्लेषण और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार, अगर पूरे राज्य के उम्मीदवारों को देखें तो लगभग 32 प्रतिशत प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले हैं, जिनमें से करीब 25 फीसदी पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एनडीए के कई उम्मीदवारों की गिनती विवादित श्रेणी में होती है। एनडीए में जदयू के कई उम्मीदवार, जैसे चर्चित बाहुबली नेता अनंत सिंह, जिनके खिलाफ 28 आपराधिक मामले दर्ज हैं, टिकट पाने वालों की फेहरिस्त में शामिल हैं। इनके अलावा भाजपा और जदयू दोनों की सूचियों में करोड़पति प्रत्याशियों के साथ-साथ बड़े मुकदमों वाले बाहुबली भी नजर आ रहे हैं।

महागठबंधन की तुलना में, एनडीए में दागियों की संख्या थोड़ी कम बताई जा रही है, लेकिन राज्य के चुनावी माहौल में ऐसे चेहरों को टिकट देने पर बहस जारी है। कई बार ऐसा देखा गया है कि जातीय और स्थानीय प्रभाव के कारण दलों को ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारना पड़ता है जिन्होंने भूतकाल में गंभीर आपराधिक मामले झेले हों, क्योंकि वे अपने इलाके में विकल्पहीन, मजबूत या लोकप्रिय माने जाते हैं। एनडीए के अंदर इस बार भी ऐसे नामों को शामिल किया गया है जो वोट बैंक को साधने के लिए जरूरी समझे गए हैं।

कुल मिलाकर बिहार चुनाव 2025 में एनडीए ने सीट बंटवारे व टिकट वितरण में जातीय संतुलन को ही अपनी जीत की कुंजी माना है। भाजपा ने सवर्णों, दलितों व ओबीसी पर, जदयू ने पिछड़ा और अति पिछड़ा समाज के नेताओं पर दांव लगाया है। दोनों ने अपने मजबूत क्षेत्रों के पुराने चेहरों को दोबारा मौका देते हुए नए वर्गों में भी संदेश देने का प्रयास किया। दागी उम्मीदवारों की मौजूदगी भी दिखाती है कि सिर्फ साफ-सुथरी राजनीति का दावा करके बिहार जीतना फिलहाल नामुमकिन है। जातीय समीकरण और आपराधिक छवि वाले बाहुबली नेताओं के बलबूते ही पार्टियां चुनावी मजबूती हासिल करने की कोशिश करती रही हैं और यही समीकरण इस बार भी पूरी तरह हावी रहा। -वरिष्ठ पत्रकार

## वर्ग पहेली नं. 3236



*बायें से दायें :-* 1) प्रशंसा, 3) छिलका, 6) जनाना ढीला पाजामा, 8) झंझट, 10) स्वार्थ, 12) झगड़ा, 13) नमस्कार, 16) बीता दिन, 18) आखेट मंच, 20) तीर, 21) शरण, 22) उन्माद, 24) बाहु, 25) आभा, 28) जुनून, 30) देवनर्तकी, 32) मासिक, 33) दिवंगत, 34) नमस्कार.

*ऊपर से नीचे :-* 2) पैदावार, 3) हाथ का पंजा, 4) फुर्तीला, 5) एक पशु , 7) झूठा, 9) प्रसन्न होकर अधिक बोलना, 11) थप्पड़, 12) अपर्याप्त, 14) पखाल, 15) झगड़ा, 17) एक मसालेदार ग्रंथिमूल पौधा, 18) भारत का एक राज्य, 19) रग, 21) मल्ल, 23) नाक से रक्तस्राव, 26) मूल्य, 27) स्नानागार, 29) क्रुद्ध; उष्ण, 31) दर; मूल्य.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | ना | प | न | ■ | ना | क़ | बू | ल |
| ■ | व | ■ | ह | थ | क | ड़ी | ■ | टी | ला |
| म | न | च | ला | ■ | पा | ■ | प्र | ■ | ट |
| श | ■ | ह | ■ | क | स | म | सा | ना | ■ |
| क | म | ल | ■ | स | ■ | ■ | ध | म | क |
| ■ | ल | प | क | ना | ■ | ट | न | ■ | ट |
| त | बा | ह | ■ | ■ | कि | ट्टी | ■ | चा | ह |
| त्का | ■ | ल | पे | ट | ना | ■ | बा | द | ल |
| ल | क्ष्य | ■ | ड़ा | ■ | रा | ह | गी | र | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3193

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | 6 | | 1 | | |
| 3 | 4 | | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| 7 | | | 8 | | | | | |
| | | | 9 | | 3 | | | |
| | | | | | | 5 | | 2 |
| | | | 3 | 4 | | | | |
| | 9 | | | | 2 | | | 4 |
| 5 | 8 | | | | | | 7 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3192 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 9 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 | 3 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 9 | 8 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 6 | 5 | 4 |

शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

**मौसम**

तापमान 24 – 34
आर्द्रता 61%
सूर्योदयः 5:33 सूर्यास्तः 17:11

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 10, मूल्य 3.00 रुपये



बिहार में 'विकास बनाम बुर्के' की शरारत कर रहे हैं कांग्रेस और राजदः योगी आदित्यनाथ पृष्ठ 9

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार , पांच और छह पर

सुविचार : बेइमान आदमी को भी अपने सारे आदमी ईमानदार ही चाहिए।




# बंगाल सरकार खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभूतपूर्व कदम उठा रही है : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'अभूतपूर्व कदम' उठाए हैं। 'विश्व खाद्य दिवस' पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए ममता ने कहा कि राज्य सरकार की प्रमुख योजना 'खाद्य साथी' लगभग नौ करोड़ लोगों को मुफ्त राशन प्रदान करती है। इस दिन, उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व खाद्य दिवस पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं! राज्य के प्रत्येक व्यक्ति के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी सरकार का प्राथमिक लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमने 2011 से कई अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 54 लाख लोगों को विशेष खाद्य पैकेज भी दिए गए हैं जिनमें 'जंगल महल' के निवासी, चक्रवात 'आइला' से प्रभावित परिवार, टोटो जनजाति और चाय बागान श्रमिक शामिल हैं। ममता ने कहा कि दुर्गा पूजा, काली पूजा, छठ पूजा और रमजान जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान राज्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को रियायती दामों पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि मां' परियोजना के तहत गरीब लोगों को मात्र पांच रुपये में दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। 356 'मां कैंटीन' के माध्यम से 8.58 करोड़ गरीब लोगों को लाभ हुआ है। 'खाद्य साथी' परियोजना के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस वर्ष राज्य सरकार ने 16.50 लाख किसान मित्रों से सीधे रिकॉर्ड 56.33 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनके धान का उचित मूल्य मिला है, जो सीधे उनके बैंक खातों में जमा कर दिया गया है। ममता ने कहा कि राज्य भर में 'सुफल बांग्ला' के 745 आउटलेट के जरिए लोगों को बाजार भाव से काफी कम दामों पर सब्जियां और फल मिल रहे हैं। अब 'सुफल बांग्ला' में मछली भी किफायती दामों पर मिल रही है। लोगों की सुविधा के लिए इन आउटलेट की संख्या में वृद्धि की जा रही है।

## सिलीगुड़ी में होगा सबसे बड़ा महाकाल मंदिर, मुख्यमंत्री ने की घोषणा



ममता ने दार्जिलिंग के महाकाल मंदिर में की पूजा-अर्चना

**दार्जिलिंग :** राज्य का सबसे बड़ा महाकाल मंदिर सिलीगुड़ी में होगा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को दार्जिलिंग में खड़े होकर इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को दार्जिलिंग के महाकाल मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं से बात की। उनके साथ मंत्री अरूप विश्वास और अन्य मौजूद थे। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने जनसंपर्क किया। इस दौरान, उन्होंने मंदिर के पुजारियों और दर्शनार्थियों से बात की। बाद में, पत्रकारों से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि मैंने ज़िला मजिस्ट्रेट को सिलीगुड़ी शहर में जमीन देखने को कहा है, जहां एक कन्वेंशन सेंटर होगा। उसके पास में एक विशाल महाकाल मंदिर बनाऊंगी। वहां सबसे ऊंची शिव प्रतिमा स्थापित होगी। हालांकि, इसमें कुछ समय लगेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश के मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की



**श्रीशैलम (आंध्र प्रदेश) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को यहां नांदयाल जिले में श्री भ्रामराम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वारला देवस्थानम में पूजा-अर्चना की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूत्रों ने बताया, ''प्रधानमंत्री मोदी ने पंचमुरलु (गाय के दूध, दही, घी, शहद और चीनी से बना एक पवित्र मिश्रण) से रुद्राभिषेक किया।'' मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी उनके साथ थे। मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक और 52 शक्तिपीठों में से एक है। इस मंदिर की एक अनूठी विशेषता यह है कि एक ही परिसर में एक ज्योतिर्लिंग और एक शक्तिपीठ है। यह पूरे देश में इस तरह का पहला मंदिर है। मंदिर दर्शन के बाद प्रधानमंत्री मोदी श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्र गए, जो एक स्मारक परिसर है। इसमें एक ध्यान कक्ष भी है जिसके चारों कोनों पर चार प्रतिष्ठित किलों, प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी के मॉडल स्थापित हैं। बीच में महान राजा छत्रपति शिवाजी की गहन ध्यान मुद्रा में एक प्रतिमा स्थापित है।

## ऊर्जा खरीद के स्रोत को व्यापक बना रहे, मोदी-ट्रंप के बीच कोई बातचीत नहीं हुई: विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह ऊर्जा आपूर्ति के अपने स्रोतों को बाजार की परिस्थितियों के अनुरूप व्यापक और विविध बना रहा है। भारत का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे के कुछ घंटे बाद आया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को फोन पर हुई बातचीत में उन्हें रूस से कच्चे तेल की खरीद बंद करने का भरोसा दिलाया है। विदेश



मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्रंप के दावे से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उन्हें फोन पर ऐसी किसी बातचीत की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की तेल खरीद नीति अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने पर केंद्रित है। जायसवाल ने कहा, स्थिर ऊर्जा कीमतें और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी ऊर्जा नीति के दो प्रमुख लक्ष्य रहे हैं। इसमें ऊर्जा आपूर्ति के हमारे स्रोतों को व्यापक बनाना और बाजार की परिस्थितियों के अनुरूप उसमें विविधता लाना शामिल है।

## आतंकवाद उलटा उन्हीं को नुकसान पहुंचाएगा जो इसका समर्थन करते या इस पर पर्दा डालते हैं: भारत

**कंपाला (युगांडा) :** भारत ने गुरुवार को गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नाम) के सदस्य देशों से आतंकवाद के प्रति 'शून्य सहनशीलता' अपनाने का आह्वान किया। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने नाम की 19वीं मध्यावधि मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा कि आतंकवाद एक साझा खतरा है, जिसका समाधान केवल अंतरराष्ट्रीय सहयोग से ही संभव है।उन्होंने कहा कि भारत दशकों से सीमा पार आतंकवाद का शिकार रहा है और हाल में 22 अप्रैल को पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या इसका उदाहरण है। सिंह ने संयुक्त राष्ट्र में हुई चर्चा का जिक्र करते हुए कहा कि खेद है कि एक देश ने अपराधी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' का बचाव करने के लिए उसके नाम का उल्लेख तक हटाने की मांग की। उन्होंने पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन का परोक्ष उल्लेख करते हुए कहा कि आतंकवाद को किसी भी रूप में समर्थन या प्रायोजन देने वाले अंततः खुद उसके शिकार बनेंगे। सिंह ने कहा कि गुटनिरपेक्ष आंदोलन को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कड़ा रुख अपनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जलवायु परिवर्तन, ऋण संकट, तकनीकी विभाजन और सीमा पार आतंकवाद जैसी चुनौतियों ने विश्व को अस्थिर किया है, और नाम को 'ग्लोबल साउथ' की आवाज बनकर इन मुद्दों पर ठोस पहल करनी चाहिए।



# एसएससी में 36,000 नियुक्ति मामले पर हाईकोर्ट का नया निर्देश!

## कौन हैं 10 नंबर पाने के योग्य? बोले कल्याण बंद्योपाध्याय - 'लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक ले जाएंगे'

**कोलकाता :** स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) में 36,000 नियुक्तियों के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने नया निर्देश जारी किया है। अदालत ने पूछा है कि अनुभव के आधार पर मिलने वाले 10 अंक के योग्य कौन उम्मीदवार हैं – कौन से पैराटीचर, अनुबंधित शिक्षक और अस्थायी शिक्षक इस श्रेणी में आएंगे? न्यायमूर्ति स्मिता दास दे की एकल पीठ ने एसएससी को निर्देश



दिया है कि वह इस संबंध में शपथपत्र (हलफनामा) पेश करे। साथ ही, विभिन्न जिलों के डीआई (डिस्ट्रिक्ट इंस्पेक्शन अधिकारी) की रिपोर्ट भी 31 अक्टूबर तक तलब की गई है। अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी।

अदालत में एसएससीके अधिवक्ता कल्याण बंद्योपाध्याय ने तर्क दिया, नियुक्ति के लिए पांच लाख उम्मीदवार सड़कों पर भटक रहे हैं। एसएससी की नजर में सभी समान हैं। केवल याचिकाकर्ताओं को विशेष प्राथमिकता क्यों दी जाएगी? अनुभव आधारित 10 अंकों के योग्य उम्मीदवारों की सूची पहले से एसएससी के पास है। पार्ट–टाइम और अनुबंधित शिक्षक जो 'सब्सटैंटिव पोस्ट' (स्थायी पद) पर काम कर रहे हैं, वही इन अंकों के पात्र हैं। लेकिन याचिकाकर्ता स्थायी पदों पर नहीं थे, इसलिए उन्हें 10 अंक नहीं मिल सकते। अगर भर्ती प्रक्रिया में हस्तक्षेप हुआ, तो हम यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक लेकर जाएंगे।

वहीं, याचिकाकर्ताओं के वकील ने अदालत में कहा, हमारे मुवक्किल 12 साल से अधिक समय से अस्थायी रूप से कार्यरत हैं। वे सभी अनुभवी शिक्षक हैं और उन्हें स्कूल मैनेजिंग कमेटी ने वास्तविक रिक्त पदों पर नियुक्त किया था। इसलिए वे 10 अंकों के पात्र हैं। अगर अदालत ने उन्हें विचार में नहीं लिया, तो वे इंटरव्यू लिस्ट से बाहर हो जाएंगे।

हाईकोर्ट ने एसएससी को स्पष्ट रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी पात्र उम्मीदवारों की स्थिति साफ–साफ बतानी होगी ताकि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

## आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में हंगामा,
# प्रशासनिक विफलता के आरोप में इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर का इस्तीफा

**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अस्पताल के इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. तापस प्रमाणिक ने प्रशासनिक विफलता और असामान्य कार्यभार से क्षुब्ध होकर इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा कॉलेज के एमएसवीपी और प्रिंसिपल को भेजा है।

डॉ. प्रमाणिक का आरोप है कि इमरजेंसी विभाग में कई चिकित्सक नियमित रूप से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं रहते, जिसके कारण कुछ डॉक्टरों को अत्यधिक दबाव में काम करना पड़ता है। विशेष रूप से




मेडिसिन और चेस्ट मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि मेडिकल इमरजेंसी में आवश्यक ढाँचा बेहद कमजोर है। पर्याप्त उपकरण, सहायक कर्मचारी और बिस्तरों की कमी है। अस्पताल प्रशासन को कई बार इस स्थिति की जानकारी दी गई, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन की भूमिका और इमरजेंसी सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर डॉक्टरों और रोगी परिवारों के बीच सवाल उठने लगे हैं।

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि डॉ. प्रमाणिक के आरोप पूरी तरह निराधार नहीं हैं और कुछ सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। हालांकि, जांच प्रक्रिया चल रही है और नए सिरे से इमरजेंसी विभाग का पुनर्गठन अभी संभव नहीं है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि ईमेल या अनौपचारिक तरीके से दिया गया इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जाएगा, क्योंकि उसे औपचारिक चैनल के माध्यम से प्रस्तुत करना आवश्यक है।

# पश्चिम बंगाल में एमबीबीएस की सीटों में बढ़ोतरी, अब कुल संख्या 6174

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में एमबीबीएस की पढ़ाई के इच्छुक छात्रों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य में मेडिकल कॉलेजों में कुल 474 नई सीटें जोड़ी गई हैं। अब एमबीबीएस की कुल सीट संख्या बढ़कर 6174 हो गई है। पहले यह संख्या 5700 थी।

नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के अनुसार, झाड़ग्राम मेडिकल कॉलेज, पुरुलिया के देबेन महतो मेडिकल कॉलेज और मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में सीटों की संख्या बढ़ाई गई है।

राज्य में फिलहाल 40 सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की पढ़ाई होती है। इनमें आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज, नीलरतन सरकार मेडिकल कॉलेज, एसएसकेएम, और कोलकाता मेडिकल कॉलेज में पहले से ही 250–250 सीटें हैं। इन संस्थानों में सीट संख्या यथावत रखी जाएगी।

कोलकाता मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. इंद्रनील विश्वास ने बताया कि नई सीटें मुख्य रूप से अपेक्षाकृत नए मेडिकल कॉलेजों में बढ़ाई गई हैं। इस बढ़ोतरी से मेडिकल शिक्षा के अवसर और भी विस्तृत होंगे।

इसके अलावा, राज्य में दो नए मेडिकल कॉलेजों को भी मंजूरी मिल चुकी है – एक है रानीगंज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस जिसमें 100 सीटें हैं, और दूसरा पीकेजी मेडिकल साइंसेज कॉलेज, जहां फिलहाल 50 सीटों की व्यवस्था की गई है।

राज्य में एमबीबीएस सीटों में इस वृद्धि से मेडिकल छात्रों और डॉक्टर समुदाय में उत्साह का माहौल है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ममता के खिलाफ अवमानना कार्यवाही संबंधी याचिका वापस लेने की दी अनुमति

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

उच्चतम न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में दिये गए फैसले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा की गई कथित टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध करने वाली याचिका गुरुवार को वापस लेने की अनुमति दे दी। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ को सूचित किया गया कि अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने मुख्यमंत्री के खिलाफ आपराधिक अवमानना शुरू करने की सहमति नहीं दी है। बता दें कि तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित 2016 की भर्ती प्रक्रिया को अमान्य करार देने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा था। मुख्यमंत्री ने फैसले की आलोचना करते हुए कुछ टिप्पणियां की थीं।

इस दिन, शीर्ष अदालत ने सार्वजनिक धर्मार्थ न्यास 'आत्मदीप' को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें ममता के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया था। अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि हमें याचिका वापस लेने का निर्देश मिला है, सहमति के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन अटॉर्नी जनरल ने सहमति नहीं दी है।

## भारत मंडपम में आयोजित 16वें अंतर्राष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई-2025) में चिरेका का शानदार प्रदर्शन

**चित्तरंजन :** नई दिल्ली के भारत मंडपम में जारी 16वें इंटरनेशनल रेलवे इक्विपमेंट एग्जिबिशन (आईआरईई-2025) में चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) ने अपने दमदार और तकनीकी नवाचारों से युक्त प्रदर्शन के साथ सबका ध्यान आकर्षित किया है। 15 से 17 अक्टूबर तक चल रही इस प्रदर्शनी में चिरेका अपने आधुनिक और स्वदेशी तकनीक से निर्मित लोकोमोटिव मॉडलों का प्रदर्शन कर रहा है, जिन्हें आगंतुकों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। 16 अक्टूबर को सतीश कुमार, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने चिरेका स्टॉल का परिभ्रमण किया, वहीं 15 अक्टूबर को हितेन्द्र मल्होत्रा, सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास)/रेलवे बोर्ड ने भी स्टॉल का दौरा कर बधाई दी। इस प्रदर्शनी में चिरेका ने अपने 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा और 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' अभियानों के तहत निर्मित इंजनों के स्केल मॉडल प्रस्तुत किए हैं। इंटरएक्टिव डिजिटल डिस्प्ले और इन्फोग्राफिक्स के माध्यम से चिरेका ने अपनी



अत्याधुनिक विनिर्माण क्षमताओं को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर हरीश मित्तल (मुख्य विद्युत अभियंता/डिजाइन), चित्रसेन मंडल (जनसंपर्क अधिकारी), उत्तम कुमार माईति (डीजीएम), कुमार परमानन्द (डीबाईसीएमएम/डिपो), आशीष कुमार (एसईई/डिजाइन), सुनील कुमार (एसएसई) तथा अन्य टीम सदस्यों ने आगंतुकों को चिरेका की तकनीकी उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया।

# पूर्व रेलवे दीवाली और छठ के लिए चलाएगी पांच अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने त्योहारों के मौसम में यात्रियों की सुविधा के लिए हावड़ा, कोलकाता, आसनसोल और वर्दवान से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत, हावड़ा – रक्सौल विशेष अनारक्षित ट्रेन (03045) 17 अक्टूबर और 23 अक्टूबर को हावड़ा से रात 11:10 बजे रवाना होगी और अगले दिन रक्सौल 16:15 बजे पहुंचेगी। इसका प्रतिवर्ती रक्सौल – हावड़ा विशेष अनारक्षित ट्रेन (03046) 18 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को रक्सौल से शाम 5:45 बजे रवाना होगी और अगले दिन हावड़ा 11:30 बजे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।

कोलकाता–गोरखपुर विशेष अनारक्षित ट्रेन (03133) 24 अक्टूबर को कोलकाता से रात 11:55 बजे रवाना होकर अगले दिन गोरखपुर 18:00 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन (03134) 25 अक्टूबर को गोरखपुर से रात 9:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन कोलकाता 15:15 बजे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में यह ट्रेन नैहाटी, बंडेल, वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।

कोलकाता–मधुबनी विशेष अनारक्षित ट्रेन (03185) 18 अक्टूबर और 25 अक्टूबर को रात 11:55 बजे कोलकाता से रवाना होकर अगले दिन मधुबनी 13:00 बजे पहुंचेगी। मधुबनी–कोलकाता प्रतिवर्ती ट्रेन (03186) 19 अक्टूबर और 26 अक्टूबर को मधुबनी से 15:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन कोलकाता 05:15 बजे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन वर्दवान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

आसनसोल–गोरखपुर विशेष अनारक्षित ट्रेन (03529) 22 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को आसनसोल से रात 8:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन गोरखपुर 10:45 बजे पहुंचेगी। प्रतिवर्ती ट्रेन (03530) 23 अक्टूबर और 25 अक्टूबर को गोरखपुर से 13:45 बजे रवाना होगी और अगले दिन आसनसोल 03:50 बजे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर रुकेगी।

वर्दवान–फतवा मेमू एक्सप्रेस विशेष ट्रेन (03003) 21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक पांच यात्राओं के लिए वर्दवान से सुबह 10:45 बजे रवाना होकर उसी दिन फतवा 22:30 बजे पहुंचेगी। फतवा–वर्दवान मेमू एक्सप्रेस विशेष ट्रेन (03004) 21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक पांच यात्राओं के लिए फतवा से रात 11:00 बजे रवाना होकर अगले दिन वर्दवान 10:45 बजे पहुंचेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह और सिमुलतला स्टेशनों पर रुकेगी।

## पूर्व रेलवे की सुलभता के प्रति प्रतिबद्धता - सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांगजन के लिए सुविधाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत सरकार की प्रमुख पहल सुगम्य भारत मिशन के अंतर्गत, पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों को विशेष रूप से दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए अधिक सुलभ, समावेशी और उपयोगकर्ता–अनुकूल बनाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। हावड़ा डिवीजन का उद्देश्य है कि रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि दिव्यांगजन यात्री सुरक्षित, गरिमापूर्ण और बाधारहित तरीके से यात्रा कर सकें। इस दृष्टिकोण के तहत कई स्टेशनों पर यात्रियों के अनुकूल बुनियादी ढांचा लागू किया गया है और इसे अन्य स्टेशनों तक विस्तार देने की योजना है। मुख्य सुविधाओं में शामिल हैं: स्टेशनों पर मानक रैंप और डबल–हैंडरेल, दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पार्किंग, कम ऊंचाई वाले



टिकट काउंटर और हेल्प बूथ, दृष्टिहीन यात्रियों के लिए टैक्सटाइल पाथ, सहायक संरचनाओं वाली दिव्यांगजन–अनुकूल शौचालय, कम ऊंचाई वाले जल नल, सीढ़ी और रैंप/लिफ्ट वाली फूट ओवर ब्रिज, रोशनी वाले संकेत और दिव्यांगजन आइकन, हावड़ा स्टेशन पर ब्रेल मैप, तथा 210 व्हीलचेयर का वितरण। ये पहल पूर्व रेलवे की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, जो सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांगजन–अनुकूल भारतीय रेलवे बनाने और सभी यात्रियों को सम्मानजनक, सहज और समावेशी अनुभव प्रदान करने के लिए लगातार केंद्रित है।

## एजुकेशन वर्ल्ड 2025 में 'आईवी लीग' सम्मान से सम्मानित हुआ कोलकाता का द हेरिटेज स्कूल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित द हेरिटेज स्कूल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में अपनी जगह बनाई है। एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025 के तहत आयोजित समारोह में स्कूल को प्रतिष्ठित 'आईवी लीग अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर द हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि उस विश्वास की पुष्टि है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बुद्धि को नहीं, बल्कि आत्मा को भी जागृत करना है। उन्होंने कहा कि हेरिटेज में हमारा प्रयास रहा है कि ऐसे संवेदनशील, रचनात्मक और साहसी शिक्षार्थी तैयार किए जाएं जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। यह



'आईवी लीग' सम्मान शिक्षकों की निष्ठा, छात्रों की प्रतिभा और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। इस अवसर पर द हेरिटेज स्कूल के चेयरमैन विक्रम स्वरूप ने कहा कि भारत के 'आईवी लीग स्कूलों' में शामिल होना अत्यंत गर्व और विनम्रता का क्षण है। उन्होंने इसे वर्षों की मेहनत, समर्पण और सीख का परिणाम बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल शिक्षकों, छात्रों और प्रिंसिपल की नहीं, बल्कि पूरे हेरिटेज परिवार की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने आगे कहा कि यह सम्मान हमें प्रेरित करता है कि हम ऐसा वातावरण बनाते रहें जहां शिक्षा आनंददायक, समावेशी और रूपांतरकारी हो – ताकि हर बच्चा अपनी वास्तविक क्षमता को पहचान सके।

# स्कूल के मैदान में रातभर कार्यक्रम पर कलकत्ता हाईकोर्ट की कड़ी आपत्ति

## मुख्य शिक्षक पर कार्रवाई के निर्देश

**कोलकाता :** पूर्व मिदनापुर जिले के बसुदेवपुर महाराज नंदकुमार हाई स्कूल के मैदान में रातभर चले सांस्कृतिक कार्यक्रम पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने कड़ी नाराज़गी जताई है। अदालत ने तुरंत कार्यक्रम पर रोक लगाते हुए कहा, स्कूल के मैदान में रातभर सांस्कृतिक कार्यक्रम कैसे हो सकता है? और स्कूल प्रशासन ने इसकी अनुमति कैसे दी?

न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु की डिवीजन बेंच ने कहा कि मुख्य शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि उन्होंने स्कूल के खेल मैदान को किसी बाहरी



संगठन को कार्यक्रम के लिए देने का फैसला किया। अदालत ने सख्त निर्देश दिया कि भविष्य में स्कूल के मैदान में रातभर कोई भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा और यह मैदान केवल विद्यार्थियों के उपयोग के लिए रहेगा।

हाईकोर्ट ने पूर्व मिदनापुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि स्कूल परिसर में पूजा कार्यक्रम हो सकता है, लेकिन रात 10 बजे तक ही उसे समाप्त करना होगा।

इसके साथ ही अदालत ने निर्देश दिया कि 22 अक्टूबर तक स्कूल के मैदान को उसकी मूल स्थिति में बहाल किया जाए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि हाईकोर्ट के आदेशों का पूरा तरह पालन किया जाए।

### न्यूज ब्रीफ

**दीवाली पर स्वास्थ्य और स्वाद का संगम: कैलिफोर्निया बादाम के साथ मनाएं हेल्दी त्योहार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** जैसे–जैसे दीवाली की रोशनी घर–घर जगमगाने लगती है, मिठाइयों और पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू हर ओर फैल जाती है। लेकिन इस उत्सव के बीच सेहत का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी है। प्रोटीन, फाइबर और हृदय–स्वस्थ वसा से भरपूर कैलिफोर्निया बादाम ऐसे पौष्टिक विकल्प हैं जो त्योहार के स्वाद में सहजता से शामिल हो जाते हैं – चाहे स्नैक के रूप में हों, मिठाइयों की टॉपिंग में, या उपहार के तौर पर। न्यूट्रिशनिस्ट ऋतिका समद्दार, रीजनल हेड ऑफ डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली, ने कहा, दीवाली के दौरान अधिक कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों का सेवन आम है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि हमें स्वाद या उत्सव से समझौता करना पड़े। स्मार्ट विकल्प अपनाना जरूरी है। बादाम एक उत्कृष्ट विकल्प हैं – सिर्फ एक मुट्ठी बादाम संतुष्टि देते हैं, ब्लड शुगर नियंत्रित रखते हैं और कम स्वास्थ्यकर चीज़ों की अधिक मात्रा खाने की संभावना घटाते हैं। मैं सलाह देती हूं कि दीवाली में बादाम को स्नैक, व्यंजनों या उपहार के रूप में शामिल करें।

**अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में खास 'धनतेरस और दिवाली फेस्टिव डिलाइट ऑफर्स' की घोषणा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ने अपने ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 के तहत धनतेरस और दिवाली के लिए फेस्टिव डिलाइट ऑफर्स पेश किए हैं। ग्राहक अब 5 लाख से अधिक ज्वेलरी डिज़ाइनों, एक्सक्लूसिव अमेजन पे ई–गिफ्ट कार्ड्स, और बजाज व हीरो टू–व्हीलर्स पर आकर्षक डील्स का लाभ उठा सकते हैं, जिनकी डोरस्टेप डिलीवरी दिवाली से पहले की जाएगी। एचडीएफसी क्रेडिट और ईएमआई कार्ड्स पर 10% इंस्टेंट डिस्काउंट, जबकि अमेजन प्राइम मेंबर्स को अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से खरीदारी पर 5% कैशबैक मिलेगा। भरोसेमंद ब्रांड्स जैसे कैरटलेन, पीएन गाडगिल, जोयालुक्कास, पीसी चंद्रा और मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के 1699 से शुरू होने वाले 50,000+ लेब–ग्रोउन डायमंड स्टाइल्स भी उपलब्ध हैं।

**रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने रोहित शर्मा के साथ एआई-संचालित अभियान सेलिब्रेटलार्ज किया लॉन्च**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीग्राम के रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने इस त्योहारी सीजन में अपना नया एआई–संचालित अभियान सेलिब्रेट लार्ज– हम हैं जनरेशन लार्ज, हमारा हर सेलिब्रेशन लार्ज पेश किया है। यह अभिनव अभियान युवाओं को तकनीक और परंपरा के संगम से लिव इट लार्ज का अनुभव देने के लिए बनाया गया है। अभियान का मुख्य आकर्षण है रोहित शर्मा के साथ व्यक्तिगत वीडियो शुभकामना संदेश बनाने की सुविधा, जो रीजेनेरेटिव एआई और एडवांस वॉइस सिंथेसिस तकनीक से संभव हुई है। यह फीचर त्योहारों की शुभकामनाओं को और भी व्यक्तिगत व यादगार बनाता है। इसके साथ ही एक 3डी फेस्टिव मैप और एआर –आधारित इंटरैक्टिव अनुभव भी लॉन्च किया गया है, जो उत्सव की भावना को जीवंत करता है। रॉयल स्टैग ने इस अभियान के लिए गाना के साथ साझेदारी की है। उपयोगकर्ता रोहित शर्मा के साथ अपना फेस्टिव ग्रीटिंग बनाकर रोमांचक पुरस्कारों और आईसीसी टी20 विश्व कप टिकट जीतने का मौका पा सकते हैं।

### न्यूज अपडेट

**खगेन–शंकर पर हमला मामले में एक और गिरफ्तारी, अब तक छह गिरफ्तार**

**जलपाईगुड़ी :** मालदा उत्तर के भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और सिलीगुड़ी के पार्टी विधायक शंकर घोष पर जिले के नागराकाटा में हुए हमले के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मन्नान सरकार है। नागराकाटा थाने की पुलिस ने बुधवार देर रात तलाशी के बाद आरोपित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को गुरुवार को जलपाईगुड़ी जिला न्यायालय में पेश किया जाएगा। इसके साथ ही इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। इस घटना में पहले गिरफ्तार किए गए सभी पांच लोग फिलहाल जेल में हैं। बाकी लोगों की तरह मन्नान पर भी हत्या के प्रयास और एससी–एसटी अत्याचार अधिनियम जैसी कई अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपितों को सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। यह स्पष्ट किया गया है कि इस हमले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**एसआईआर के खिलाफ तृणमूल कोलकाता में करेगी विशाल रैली**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चुनाव आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) की अधिसूचना जारी होने के संकेतों के बीच तृणमूल कांग्रेस ने इसके विरोध में मोर्चा खोलने की तैयारी कर ली है। पार्टी ने निर्णय लिया है कि काली पूजा, दीवाली और भाई फोटा (भाई दूज) के बाद कोलकाता में एक विशाल विरोध रैली आयोजित की जाएगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, यह रैली नवंबर के पहले सप्ताह में आयोजित की जा सकती है। इसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी मुख्य वक्ता होंगे। बताया गया है कि रैली के मंच से मुख्यमंत्री और अभिषेक बनर्जी राज्यभर में चलाए जाने वाले 'एंटी–एसआईआर आंदोलन' की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान एसआईआर के खिलाफ पार्टी के प्रमुख तर्क भी सार्वजनिक करेंगी।

**पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने बचाए चार नाबालिग बच्चे, दो तस्कर गिरफ्तार**



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की आरपीएफ ने 15 अक्टूबर को ऑपरेशन आहट के तहत दो मानव तस्करों को गिरफ्तार किया और चार नाबालिग लड़कों को सुरक्षित बचाया। खुफिया जानकारी के आधार पर आसनसोल डिवीजन के आसनसोल वेस्ट पोस्ट के आरपीएफ अधिकारियों ने ट्रेन संख्या 12376 डाउन को आसनसोल रेलवे स्टेशन पर रोककर बच्चों को तस्करों की गिरफ्त से मुक्त कराया। गिरफ्तार आरोपियों को जीआरपीएस, आसनसोल के हवाले किया गया। बचाए गए बच्चों को उचित देखभाल और पुनर्वास के लिए चाइल्ड हेल्प लाइन, आसनसोल को सौंपा गया। साथ ही, उसी दिन ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत हावड़ा, मालदह और आसनसोल डिवीजन के आरपीएफ अधिकारियों ने पांच नाबालिग बच्चों, जिनमें चार लड़कियां शामिल थीं, को रेलवे स्टेशनों से बचाया। पूर्व रेलवे आरपीएफ लगातार ऑपरेशन आहट और ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के माध्यम से कमजोर और असुरक्षित बच्चों की सुरक्षा के लिए सतत प्रयास कर रही है।

**हावड़ा डिवीजन ने चलाया व्यापक स्वच्छता अभियान और आयोजित किया अमृत संवाद**



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने विशेष अभियान 5.0 के तहत डिवीजन भर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें स्टेशन परिसर, रेलवे कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्र शामिल थे। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों के लिए सफाई और स्वच्छता सुनिश्चित करना, सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है। अभियान में रेलवे स्टाफ, अधिकारी और हाउसकीपिंग टीमों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और प्लेटफॉर्म, रेलवे कॉलोनियां तथा आसपास के क्षेत्रों की गहन सफाई सुनिश्चित की। यह पहल स्वच्छ भारत अभियान के लक्ष्यों के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके साथ ही शेवड़ाफुली स्टेशन पर एक 'अमृत संवाद' का आयोजन किया गया, जिसमें रेलवे अधिकारी यात्रियों और स्थानीय हितधारकों से सीधे संवाद कर रहे थे। इस सत्र का उद्देश्य फीडबैक प्राप्त करना, चल रही सुधार योजनाओं की जानकारी साझा करना और स्वच्छता व सेवा गुणवत्ता बनाए रखने में जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

**आसनसोल मंडल ने दिव्यांगजनों के लिए सुलभ और समावेशी रेल यात्रा को बनाया सशक्त**



**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने दिव्यांगजनों के लिए समावेशी और सुलभ रेल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष पहल की है। मंडल ने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए आसनसोल, दुर्गापुर, जसीडीह, मधुपुर, रानीगंज, अंडाल, कुमारधुबी, बराकर, चित्तरंजन, सीतारामपुर, विद्यासागर और जामताड़ा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का उन्नयन किया है। इन सुधारों का अनुभव और प्रामाणिक प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए, आसनसोल ब्रेल अकादमी के छात्रों को आमंत्रित किया गया। स्टेशनों पर प्रवेश और निकास द्वारों पर रैंप और फिसलन रहित रास्ते बनाए गए हैं, जबकि दिव्यांग यात्रियों के लिए समर्पित पार्किंग, सुलभ टिकट काउंटर और सहायता बूथ भी स्थापित किए गए हैं। दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए स्पर्शनीय मार्ग और ब्रेल लिपि संकेत लगाए गए हैं, और कई स्टेशनों पर व्हीलचेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्लेटफार्मों पर लिफ्ट, एस्केलेटर और सुव्यवस्थित फुट–ओवर–ब्रिज की व्यवस्था की गई है। स्पष्ट संकेत, ध्वनि घोषणाएँ और संवेदनशील कर्मचारी दिव्यांग यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा में सहायक हैं। इन पहलों का उद्देश्य सभी यात्रियों को निर्बाध, सम्मानजनक और देखभालपूर्ण यात्रा अनुभव प्रदान करना है और मंडल की सुलभता एवं समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करना है।

# दीवाली पर अतिरिक्त अस्थायी फायर स्टेशन : दमकल मंत्री सुजीत बोस

## कहा, छठ पूजा और जगद्धात्री पूजा पर भी विशेष निगरानी

**कोलकाता :** दीपावली और काली पूजा के साथ ही छठ पूजा और जगद्धात्री पूजा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने अग्नि सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठाए हैं। गुरुवार को दमकल मंत्री सुजीत बोस ने एक आपात बैठक के बाद बताया कि त्योहारों के दौरान आग से बचाव और सुरक्षा के लिए 51 अतिरिक्त अस्थायी फायर स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही, बारासात, नैहाटी और राजारहाट क्षेत्रों में विशेष निगरानी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 19 अक्टूबर से ही दमकल कर्मी सड़कों पर तैनात रहेंगे। मंत्री ने कहा, काली पूजा, दीपावली, छठ पूजा और जगद्धात्री पूजा को देखते हुए फायर सर्विस पूरी तरह सतर्क है। स्थायी फायर स्टेशनों के अलावा 51 अस्थायी स्टेशन बनाए जाएंगे। ये स्टेशन विशेष रूप से पटाखा बाजारों, घनी आबादी वाले इलाकों और पूजा स्थलों के पास रहेंगे।



दमकल मंत्री ने यह भी बताया कि फायर डिपार्टमेंट की मोटरसाइकिल इकाइयों को भी उपयोग में लाया जाएगा ताकि आपात स्थिति में तुरंत पहुंचा जा सके। उन्होंने कहा कि 19 अक्टूबर से ही दमकलकर्मी सड़कों पर गश्त करेंगे और किसी भी आगजनी की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी में रहेंगे।

बैठक में छठ पूजा की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। सुजीत बसु ने बताया कि छठ पूजा के दौरान हर घाट पर निगरानी रखी जाएगी और अस्थायी कैंपों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। इसके साथ ही जगद्धात्री पूजा को ध्यान में रखते हुए चंदननगर में भी विशेष व्यवस्था की जा रही है, जहां यह पूजा चार दिनों तक बड़े स्तर पर होती है।

मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इन सभी पर्वों के दौरान किसी भी प्रकार की आगजनी या दुर्घटना न हो और लोग सुरक्षित तरीके से त्योहार मना सकें। उन्होंने यह भी जोड़ा कि चंदननगर के अलावा कोलकाता शहर में भी विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## दीवाली और काली पूजा पर प्रतिबंधित पटाखों को लेकर हाई कोर्ट सख्त

### राज्य सरकार से रिपोर्ट तलब

**कोलकाता :** दीपावली और काली पूजा के दौरान प्रतिबंधित पटाखों के उपयोग पर कोलकाता हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु और न्यायमूर्ति अजय कुमार गुप्ता की डिवीजन बेंच ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। अदालत ने यह भी पूछा कि क्या राज्य में पटाखे फोड़ने से जुड़ी गाइडलाइनों का ठीक से पालन हो रहा है या नहीं। हालांकि, अदालत ने राज्य सरकार की कार्रवाई पर भरोसा जताया और तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया।

इससे पहले 22 सितंबर को राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंथ ने एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें स्पष्ट कहा गया था कि राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार ही पटाखों का उपयोग किया जाए और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। गुरुवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विश्वजीत बसु ने पूछा कि क्या राज्य वास्तव में इन नियमों का पालन कर रहा है। लेकिन राज्य सरकार इस पर कोई ठोस जानकारी पेश नहीं कर सकी, जिससे अदालत ने असंतोष जताया। अदालत ने मुख्य सचिव को आधे घंटे के भीतर पूरी जानकारी देने का आदेश दिया और चेतावनी दी कि अन्यथा उन्हें अदालत में तलब किया जा सकता है।

अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि केवल अधिसूचना जारी कर देने से जिम्मेदारी समाप्त नहीं होती, बल्कि राज्य को इसके प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी भी करनी चाहिए। इस मामले में वकील सैकत ठाकुरता ने कहा कि राज्य सरकार ने 2021 में ही ध्वनि प्रदूषण वाले पटाखों पर प्रतिबंध लगाकर केवल ग्रीन क्रैकर बनाने की अनुमति दी थी, लेकिन यह नियम कितनी सख्ती से लागू हो रहा है, इस पर राज्य अभी तक स्पष्ट नहीं कर सका है। अदालत ने राज्य से पूछा है कि अब तक क्या-क्या कदम उठाए गए हैं और उनके परिणाम क्या हैं।

## काली पूजा में सुरक्षा के लिए फानूस उड़ाने पर रोक की मांग

### आयोजकों ने पुलिस आयुक्त से लगाई गुहार

**कोलकाता :** काली पूजा और दीपावली के दौरान सुरक्षा कारणों से फानूस (आकाशदीप) उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कई पूजा समितियों ने कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा से मुलाकात की। बुधवार को आयोजित एक बैठक में पुलिस आयुक्त ने पूजा आयोजकों, दमकल विभाग, नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था और नियमों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कई पूजा समितियों ने सुरक्षा के मद्देनज़र फानूस उड़ाने पर रोक लगाने का अनुरोध किया है।



पुलिस आयुक्त ने कहा कि वर्ष 2019 में दमकल विभाग की एक अधिसूचना के अनुसार फानूस उड़ाना पहले से ही प्रतिबंधित है। इस संबंध में सभी थानों और डिवीजनों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 21 से 23 अक्टूबर के बीच काली प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। अब तक लगभग 2100 पूजा समितियों ने आसान पोर्टल पर अनुमति के लिए आवेदन किया है, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 3500 थी।

मनोज वर्मा ने कहा कि केवल अनुमोदित ग्रीन क्रैकर ही फोड़े जा सकेंगे और इस संबंध में शहर के कई स्थानों पर जांच अभियान चलाया जा रहा है। फानूस उड़ाने से विमानों की उड़ान में बाधा उत्पन्न हो सकती है – इस तरह की शिकायतें भी मिली हैं। इसके अलावा, लैलज़र लाइटों के दुरुपयोग पर भी लालबाजार की ओर से चेतावनी जारी की गई है।

पुलिस आयुक्त ने साफ कहा कि प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री या खरीद किसी भी हालत में नहीं होनी चाहिए। फानूस को लेकर भी उन्होंने सख्त चेतावनी दी। साथ ही, शहर के ऊंची इमारतों और आवास परिसरों में पटाखे फोड़ते समय अग्नि सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करने की अपील की। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोलकाता पुलिस ने प्रतिमा विसर्जन के लिए निश्चित तिथियां घोषित की हैं – 21, 22 और 23 अक्टूबर।

**CHANGE OF NAME & D.O.B**
I, Asha Devi Mother of No. 15685547F, Rank- Hav Name-Rakesh Kumar presently residing at D No. Ward No.08, Bhadiyan, Bhadiyan, Thana- Nanpur, Bhadianm Sitamarhi, Bihar, Pin-843333. My name and D.O.B has been recorded incorrectly in my son's service record. I do hereby declared that have changed my name from Aasha Devi and D.O.B-01.07.1960 to Asha Devi and D.O.B-01.01.1956 Vide affidavit before the Notary Public Govt of India at Kolkata (W.B.) dated 14.10.2025

**CHANGE OF NAME & D.O.B**
I, Sivji Sah father of No. 15685547F Rank Hav Name Rakesh Kumar presently residing at D No. Ward No.08. Bhadiyan, Bhadiyan, Thana, Nanpur, Bhadianm Sitamarhi, Bihar Pin- 843333. My name and D.O.B has been recorded incorrectly in my son service record. I do hereby declared that have changed my name from Shivjee Prasad and D.O.B-01.07.1957 to Sivji Sah and D.O.B-01.01.1963 Vide affidavit before the Notary Public Govt of India at Kolkata (W.B.) dated 14.10.2025

**CHANGE OF NAME**
I, KM Gunjan Yadav wife of No.22051204W, Rank-Sep,Trade -DVRMT, Name- Diwakar Yadav presently permanent resident at Vill. Mahuie, P.O. Tameshwarnath, P.S. Khalilabad, District: Sant Kabir Nagar, State: U.P, Pin-272175, India. do hereby declare that I changed my name from KM Gunjan Yadav to Gunjan Yadav Vide affidavit Before the Notary Public Govt. of W.B Anisur Rahaman at Alipore Court, dated 15.10.2025.

**पूर्व रेलवे**
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/1/हावड़ा। एआईटी सं. : 158_2025-26, दिनांक 14.10.2025, **कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल में विभिन्न निर्माण कार्यों (एलएचएस, पुलों, बिल्डिंगों, एफओबी इत्यादि कार्यों) के लिए भू-तकनीकी जांच कार्य रिपोर्टों को तैयार एवं प्रस्तुत करना। **अनुमानित लागतः** रु. 70,82,182.77; **बयाना राशिः** रु. 1,41,700। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 6 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 04.11.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा ऊपर उल्लेखित वेबसाइट के जरिए पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
(HWH-346/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हे
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य परिचालन प्रबंधक/आईटी, मेट्रो रेलवे/कोलकाता द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष इ-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा खोलने की तिथि 18.11.2025 को 15.00 बजे है। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस प्रकार प्राप्त कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव मान्य नहीं है। **कार्य का नाम :** एन-एस मेट्रो कॉरिडोर में एएफसी-पीसी सिस्टम के लिए नेटवर्किंग इक्विपमेंट की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ करना। **निविदा लागत :** रु.72,57,064.95, **बयाना राशि :** रु. 1,45,200/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00, **कार्य समापन :** 04 माह। निविदा वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदाकार के पास क्लास-III डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट अवश्य रहे एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर पन्जीकृत रहे। केवल पन्जीकृत निविदादाता इ-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। इ-निविदा में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं।
**खुली निविदा सूचना सं. : ट्रैफिक-एएफसी-पीसी (नेटवर्क इक्विपमेंट)-2025**
हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**पार्किंग ठेका के लिए ई-नीलामी सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार हैं: **श्रेणी:** पार्किंग। **नीलामी कैटेलॉग संख्या:** पार्क91। **लॉट संख्या/श्रेणी:** पार्किंग-एडीआरए-आईबीएल-टीडब्ल्यू-73-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 28.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 28.10.2025 को दोपहर 12.30 बजे। **द्रष्टव्य:** भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण, अगर कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।
(PR-734)
**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक,आद्रा**
दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

## राज्य में खांसी की सिरप बेचने वाली कंपनियों पर सख्ती, नई गाइडलाइंस जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने राज्य में खांसी की दवाओं की बिक्री और मार्केटिंग को लेकर कड़े कदम उठाए हैं। राज्य के ड्रग कंट्रोल डायरेक्टोरेट ने कफ सिरप बेचने और प्रचार करने वाली कंपनियों पर निगरानी तेज करते हुए एक नई गाइडलाइन और निर्देश जारी किया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के अनुसार, यह कदम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने और भविष्य में किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए उठाया गया है। यह फैसला कोल्ड्रिफ नामक खांसी की सिरप पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद लिया गया है। गाइडलाइन के अनुसार, कोई भी दुकानदार या कंपनी किसी और कंपनी द्वारा बनाई गई दवा को अपने नाम से नहीं बेच सकेगी जब तक कि उसके पास उस कंपनी के साथ लिखित समझौता न हो। यह प्रावधान गाइडलाइन के सेक्शन 84डी में अनिवार्य किया गया है। वहीं, धारा 84ई के तहत, जो कंपनियां दवाओं की मार्केटिंग करती हैं, उन्हें अब दवा की गुणवत्ता और कानूनी जिम्मेदारियों के लिए निर्माता कंपनी के साथ बराबर जिम्मेदार माना जाएगा।

ड्रग कंट्रोल डायरेक्टोरेट ने कहा है कि जो कंपनियां राज्य के बाहर से खांसी की दवाएं बनवा रही हैं और यहां बेच रही हैं, उन्हें अपने निर्माण समझौते की एक कॉपी ड्रग कंट्रोल विभाग को 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यह कॉपी आधिकारिक ईमेल पर भेजी जानी चाहिए। विभाग इन दस्तावेजों की जांच करेगा और सुनिश्चित करेगा कि सब कुछ नियमानुसार हो। इसके साथ ही कंपनियों को यह निर्देश भी दिया गया है कि वे केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'ड्रग अलर्ट' पोर्टल पर नियमित नजर रखें, ताकि दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा से जुड़ी नई चेतावनियों की उन्हें सही समय पर जानकारी मिलती रहे।

**पूर्व रेलवे**
निविदा सं. डीएल_पीयू_पेंटिंग_एचडब्ल्यूएच_162_आरटी, दिनांक 13.10.2025; सीनि. डीएमई/लोको, पूर्व रेलवे, बामनगाछी, हावड़ा-711106 द्वारा निविदा सं. डीएल_पीयू_पेंटिंग_एचडब्ल्यूएच_162_आरटी के तहत एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **बंद होने की तारीख:** 04.11.2025 को 12.15 बजे। बोलीदातागण अपनी मूल/संशोधित बोलियां सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा डीजल शेड में 1 वर्ष के लिए आईओएच के दौरान रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेपों के प्रावधान के साथ पॉलीयूरेथिन (पीयू) पेंट द्वारा विद्युत रेल इंजनों तथा इनामेल पेंट द्वारा उसके सहायक उपकरणों की पेंटिंग, मात्रा: 6 अदद। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 5,10,579.09; **बयाना राशि :** रु. 10,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 2,000/-। **प्रस्ताव की वैधता:** 45 दिन। **समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा बोली शुरू होने की तारीख:** 21.10.2025।
(HWH-347/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हे
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं.: डब्ल्यू_2_623_यूएसएफडी_2025-26, दिनांक 14.10.2025; प्रधान मुख्य अभियंता, पूर्व रेलवे, 17, एन.एस. रोड, कोलकाता-700001 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** रेलों एवं वेल्डों की अल्ट्रासोनिक जांच के लिए भारतीय रेल मानक विनिर्देश, आरडीएसओ द्वारा जारी संशोधित 2022 के साथ नवीनतम दिशानिर्देश के अनुसार पूर्व रेलवे के सियालदह, हावड़ा, आसनसोल एवं मालदा मंडलों के चिन्हित रूटों पर डिजिटल यूएसएफडी मशीनों द्वारा रेलों एवं वेल्डों की अल्ट्रोसोनिक जांच। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 19,87,00,723.29। **बयाना राशि :** रु. 11,43,500। **समापन अवधि :** 24 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 07.11.2025 को 14.00 बजे तक। निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
(MISC-235/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हे
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के तहत ईएमयू स्पेशल ट्रेनें**
यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, नीचे उल्लेखित अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनें **दिनांक 20/21.10.2025, 21/22.10.2025 एवं 22/23.10.2025** (तीन रातां) की मध्यवर्ती रातों को निम्नानुसार चलाई जाएंगी तथा संबंधित ट्रेनें मार्ग में सभी स्टेशनों (फ्लैग एवं हॉल्ट सहित) पर ठहरेंगी।

अप ईएमयू स्पेशल ट्रेनें

| अनुभाग | प्रस्थान | | आगमन | |
|---|---|---|---|---|
| | स्टेशन | समय | स्टेशन | समय |
| सियालदह-डानकुनी | सियालदह | 23.30 | डानकुनी | 00.15 |
| सियालदह-बारासात | सियालदह | 00.10 | बारासात | 00.55 |
| बनगाँव-बारासात | बनगाँव | 00.30 | बारासात | 01.30 |
| सियालदह-रानाघाट | सियालदह | 00.40 | रानाघाट | 02.30 |
| सियालदह-बारुईपुर | सियालदह | 00.30 | बारुईपुर | 01.15 |

डाउन ईएमयू स्पेशल ट्रेनें

| अनुभाग | प्रस्थान | | आगमन | |
|---|---|---|---|---|
| | स्टेशन | समय | स्टेशन | समय |
| डानकुनी-सियालदह | डानकुनी | 00.25 | सियालदह | 01.05 |
| बारासात-सियालदह | बारासात | 01.10 | सियालदह | 01.55 |
| बारासात-बनगाँव | बारासात | 02.00 | बनगाँव | 03.08 |
| रानाघाट-सियालदह | रानाघाट | 23.45 | सियालदह | 01.40 |
| बारुईपुर-सियालदह | बारुईपुर | 01.25 | सियालदह | 02.10 |

**टिप्पणी:** (1) दिनांक 20.10.2025, 21.10.2025 एवं 22.10.2025 को उपनगरीय सेवाओं के साथ 06 एसी ईएमयू लोकल ट्रेनें सप्ताह के दिनों की अनुसूची के अनुसार चलेंगी। (2) पश्चिम बंगाल सरकार के अनुरोध के अनुसार, दिनांक 20.10.2025, 21.10.2025, 22.10.2025, 23.10.2025 एवं 24.10.2025 को 13.00 बजे से 00.00 बजे तक नैहाटी जंक्शन स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर कोई भी ट्रेन नहीं आएगी/वहां से कोई भी ट्रेन प्रस्थान नहीं करेगी तथा संबंधित ट्रेनें उसके बजाय स्टेशन के प्लेफॉर्म सं. 5/6 पर आएगी/वहां से प्रस्थान करेगी।
**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**
पूर्व रेलवे
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## चुनाव आयोग ने राज्य की 78 विधानसभा क्षेत्रों में ईआरओ बदलने के दिए निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने राज्य के 78 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन निबंधन अधिकारियों (ईआरओ) के तत्काल प्रतिस्थापन के निर्देश दिए हैं। आयोग ने पाया है कि इन अधिकारियों की नियुक्ति ईसीआई द्वारा निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करते हुए की गई है। इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र भेजकर ऐसे अधिकारियों के नाम प्रस्तावित करने को कहा गया है जो ईसीआई के निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। आयोग के अनुसार, केवल पश्चिम बंगाल सिविल सर्विस (कार्यकारी) कैडर के उप-मंडलाधिकारी, एसडीओ और ग्रामीण विकास अधिकारी जैसे अधिकारी ही ईआरओ नियुक्त किए जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक सूत्र ने बताया कि आयोग ने पाया है कि इन 78 निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसे अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो निर्धारित रैंक से नीचे हैं। इसी कारण ईआरओ के प्रतिस्थापन के निर्देश जारी किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, आयोग राज्य की सभी 294 विधानसभा सीटों के ईआरओ की पदानुक्रम स्थिति की जांच कर रहा है। कई अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की विसंगतियां सामने आई हैं, जिनमें भी प्रतिस्थापन का आदेश दिया जाएगा। दरअसल, पिछले सप्ताह राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने ईआरओ की नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं को लेकर निर्वाचन आयोग का ध्यान आकर्षित किया था। इसके बाद ईसीआई ने सीईओ कार्यालय को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में ईसीआई द्वारा निर्धारित मानकों से समझौता न किया जाए, विशेषकर बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) और ईआरओ की नियुक्तियों में।

### 'एसआईआर में फर्जी नाम जोड़ने की मिल रही धमकी', बीएलओ का आरोप

**राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। बूथ स्तर के कई अधिकारियों (बीएलओ) ने आरोप लगाया है कि उन्हें मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ने के लिए धमकाया जा रहा है। इस संबंध में गुरुवार को बीएलओ के एक समूह ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की मांग की है। चुनावी कर्मचारियों के संगठन इलेक्टोरल वर्कर्स यूनिटी फोरम से जुड़े बीएलओ ने कहा कि उन्हें बूथ स्तर पर चुनावी कार्यों के दौरान सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की ओर से एसआईआर की अधिसूचना अभी जारी भी नहीं हुई है, फिर भी कई स्थानों से धमकियां मिल रही हैं। शिकायतों में कहा गया है कि उन्हें पहले से ही बताया जा रहा है कि जिनके पास आधार कार्ड है, उनके नाम सूची में अनिवार्य रूप से जोड़े जाएं। कई बीएलओ ने इस पर आपत्ति जताई है। सूत्रों के अनुसार, कुछ बीएलओ को बंदूक दिखाकर डराने-धमकाने की भी घटनाएं सामने आई हैं। कोलकाता के गुलशन कॉलोनी, खिदिरपुर और कस्बा इलाकों से इस तरह की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। आरोप है कि कुछ लोग केवल आधार कार्ड के आधार पर फॉर्म भरवाने के लिए दबाव बना रहे हैं।**

## चुनाव से पहले तृणमूल ने 'बंगाल विरोधी दुष्प्रचार' के मुकाबले के लिए शुरू किया डिजिटल योद्धा अभियान

- **अभिषेक बनर्जी ने की युवाओं को 'डिजिटल योद्धा' बनने की अपील**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में इस साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस ने बाहरी लोगों पर 'बंगाल विरोधी दुष्प्रचार फैलाने का प्रयास करने' का गुरुवार को आरोप लगाया और इसका मुकाबला करने तथा राज्य की सच्ची पहचान बनाए रखने के लिए युवाओं के नेतृत्व में एक ऑनलाइन अभियान शुरू किया। 'आमी बांग्लार डिजिटल योद्धा' (मैं बंगाल का डिजिटल योद्धा हूं) नामक इस अभियान में आह्वान किया गया है कि जो युवा बंगाल को बदनाम नहीं होने देना चाहते हैं, वे एकजुट होकर 'बंगाल के भविष्य को मजबूत बनाएं' और 'दुनिया को दिखाएं कि जब बंगाल के लोग एकजुट होकर आगे आएंगे, तो राज्य क्या हासिल कर सकता है'। तृणमूल महासचिव अभिषेक बनर्जी ने इस अभियान की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि बंगाल, हमारी प्यारी मातृभूमि को बोहिरागोटो बांग्ला-विरोधी जमींदारों द्वारा प्रताड़ित, अपमानित और बदनाम किया जा रहा है, जो झूठ और दुष्प्रचार की बुनियाद पर फल-फूल रहे हैं, जिनसे निपटने के लिए साइबर संसार में लड़ाई उग्र हो गई है। तृणमूल महासचिव ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा भाजपा की ओर माना जा रहा है। उन्होंने लिखा कि बंगाल के अधिकारों, सम्मान और सच्चाई के लिए खड़े होना, स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ लड़ना हमारी जिम्मेदारी है। इसीलिए मैं 'आमी बांग्लार डिजिटल जोधा' शुरू कर रहा हूं, जो बंगाल की पहचान की रक्षा करने, इसकी सच्चाई को कायम रखने तथा भारत और दुनिया के हर कोने में इसके गौरव एवं प्रगति के संदेश को ले जाने के लिए युवा-नेतृत्व वाला डिजिटल आंदोलन है। अभियान पर एक अवधारणा नोट में इसके उद्देश्य और इच्छुक नागरिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में बताया गया है। इसमें कहा गया है कि इस पहल का उद्देश्य तीन श्रेणियों में 'डिजिटल जोधाओं' को जोड़ना है, जिनमें सामग्री निर्माता, सोशल मीडिया प्रबंधक और 'डिजिटल एम्पलीफायर' शामिल हैं। नोट में कहा गया है कि राजनीतिक लड़ाइयां सिर्फ सड़कों या संसद में ही नहीं लड़ी जा रही हैं, बल्कि तेजी से साइबर संसार में भी लड़ी जा रही हैं, जहां बांग्ला-विरोधी हमारे राज्य को बदनाम करने के लिए झूठ और दुष्प्रचार का सहारा ले रहे हैं।




**अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें**
**हावड़ा एवं रक्सौल, कोलकाता एवं गोरखपुर, कोलकाता एवं मधुबनी तथा आसनसोल एवं गोरखपुर के बीच**

आगामी **दिवाली** एवं **छठ** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए **हावड़ा एवं रक्सौल, कोलकाता एवं गोरखपुर, कोलकाता एवं मधुबनी** तथा **आसनसोल एवं गोरखपुर** के बीच **अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सारणी, ठहराव, यात्रा के दिन एवं गठन के अनुसार चलाई जाएंगी :-

**03045/03046 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

| हावड़ा-रक्सौल | | | (03045)(03046) | रक्सौल-हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| गुरुवार, शुक्रवार | - | 23.10 | ↓ हावड़ा | 11.30 | - | शनिवार, रविवार |
| | 23.56 | 23.58 | बैण्डेल | 09.42 | 09.44 | |
| शुक्रवार, शनिवार | 03.00 | 03.05 | आसनसोल | 05.45 | 05.55 | |
| | 04.58 | 05.00 | जसीडीह | 03.36 | 03.38 | |
| | 11.20 | 11.25 | समस्तीपुर | 22.10 | 22.15 | शुक्रवार |
| | 16.15 | - | रक्सौल ↑ | - | 17.45 | शनिवार |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में बर्द्धमान, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल, बरौनी, दलसिंह सराय, दरभंगा, कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी एवं बैरगनिया स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिन: हावड़ा से - 03045** दिनांक 17.10.2025 (शुक्रवार) एवं 23.10.2025 (गुरुवार) = 02 ट्रिप तथा **रक्सौल से - 03046** दिनांक 18.10.2025 (शनिवार) एवं 24.10.2025 (शुक्रवार) = 02 ट्रिप। **गठन :** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी - 20, एसएलआरडी - 02 = 22 कोच (अनारक्षित)। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03133/03134 कोलकाता-गोरखपुर-कोलकाता अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

| कोलकाता-गोरखपुर | | | (03133)(03134) | गोरखपुर-कोलकाता | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| शुक्रवार | - | 23.55 | ↓ कोलकाता | 15.15 | - | रविवार |
| शनिवार | 01.12 | 01.14 | बैण्डेल | 13.30 | 13.32 | |
| | 02.04 | 02.06 | बर्द्धमान | 12.16 | 12.18 | |
| | 03.33 | 03.38 | आसनसोल | 10.15 | 10.20 | |
| | 05.07 | 05.09 | जसीडीह | 08.16 | 08.18 | |
| | 12.05 | 12.10 | हाजीपुर | 02.20 | 02.25 | |
| | 18.00 | - | गोरखपुर ↑ | - | 21.00 | शनिवार |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, सोनपुर, छपरा, सीवान, भटनी एवं देवरिया सदर स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिन: कोलकाता से - 03133** दिनांक 24.10.2025 (शुक्रवार) = 01 ट्रिप तथा **गोरखपुर से - 03134** दिनांक 25.10.2025 (शनिवार) = 01 ट्रिप। **गठन :** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी - 20, एसएलआरडी - 02 = 22 कोच (अनारक्षित)। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03185/03186 कोलकाता-मधुबनी-कोलकाता अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

| कोलकाता-मधुबनी | | | (03185)(03186) | मधुबनी-कोलकाता | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| शनिवार | - | 23.55 | ↓ कोलकाता | 05.15 | - | सोमवार |
| रविवार | 02.18 | 02.20 | दुर्गापुर | 01.38 | 01.40 | |
| | 02.50 | 02.55 | आसनसोल | 01.02 | 01.07 | |
| | 05.00 | 05.02 | जसीडीह | 23.08 | 23.10 | रविवार |
| | 10.40 | 10.45 | समस्तीपुर | 17.50 | 17.55 | |
| | 13.00 | - | मधुबनी ↑ | - | 15.30 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में बर्द्धमान, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, किऊल, बरौनी एवं दरभंगा स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिन: कोलकाता से - 03185** दिनांक 18.10.2025 एवं 25.10.2025 (शनिवार) = 02 ट्रिप तथा **मधुबनी से - 03186** दिनांक 19.10.2025 एवं 26.10.2025 (रविवार) = 02 ट्रिप। **गठन :** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी - 20, एसएलआरडी - 02 = 22 कोच (अनारक्षित)। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03529/03530 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

| आसनसोल-गोरखपुर | | | (03529)(03530) | गोरखपुर-आसनसोल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा के दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | यात्रा के दिन |
| बुधवार, शुक्रवार | - | 20.30 | ↓ आसनसोल | 03.50 | - | शुक्रवार, रविवार |
| | 21.48 | 21.50 | मधुपुर | 01.53 | 01.55 | |
| | 22.18 | 22.20 | जसीडीह | 01.25 | 01.30 | |
| गुरुवार, शनिवार | 01.11 | 01.13 | किऊल | 23.28 | 23.30 | गुरुवार, शनिवार |
| | 06.55 | 07.05 | छपरा | 17.35 | 17.45 | |
| | 10.45 | - | गोरखपुर ↑ | - | 13.45 | |

उपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान दोनों दिशाओं में मार्ग में चित्तरंजन, झाझा, जमुई, बरौनी, समस्तीपुर, हाजीपुर, सोनपुर, दिघवारा, सीवान एवं देवरिया सदर स्टेशनों में भी ठहरेंगी। **यात्रा की तारीख/दिन: आसनसोल से - 03529** दिनांक 22.10.2025 (बुधवार) एवं 24.10.2025 (शुक्रवार) = 02 ट्रिप तथा **गोरखपुर से - 03530** दिनांक 23.10.2025 (गुरुवार) एवं 25.10.2025 (शनिवार) = 02 ट्रिप। **गठन :** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी - 20, एसएलआरडी - 02 = 22 कोच (अनारक्षित)। **श्रेणी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
पूर्व रेलवे

# शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में चुनाव में देरी होने पर राष्ट्रपति शासन लागू होने की चेतावनी दी

**❑ भाजपा नेता ने पार्टी सांसद हुए हमले के विरोध में निकाली रैली**

**❑ नेता प्रतिपक्ष ने ममता को हराने की किया दावा**

**जलपाईगुड़ी :** राज्य में 2026 के विधानसभा चुनाव से सरकार बदलने की बात कहते हुए भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि अगर चुनाव प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हुई तो राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो जाएगा। जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा में एक जनसभा के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि अगर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूरा नहीं हुआ तो चुनाव नहीं होंगे। अधिकारी ने कहा कि अगर चार मई तक चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो उसके बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार होगी और एसआईआर चुनाव से पहले 'सेमीफाइनल' साबित होगा। अधिकारी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में टीएमसी और भाजपा को मिले वोट के बीच का अंतर केवल 42 लाख है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में अवैध रूप से दर्ज लगभग 2.4 करोड़ नाम हटा दिए जाएंगे। अधिकारी ने जोर देकर कहा कि अवैध प्रवासियों और अन्य कारणों से पात्र नहीं होने वाले लोगों के नाम एसआईआर के बाद मतदाता सूची में नहीं रहेंगे। पार्टी के लोकसभा सदस्य खगेन मुर्मू पर हुए हमले के विरोध में भाजपा की रैली का नेतृत्व करने के बाद बैठक में अधिकारी ने कहा कि मैं भवानीपुर में ममता (बनर्जी) को हराऊंगा। एसआईआर में मतदाताओं के नाम हटाए जाने की स्थिति में तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा दी गई विरोध प्रदर्शन की चेतावनी को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अधिकारी ने कहा, कि हम 'एसआईआर नहीं तो चुनाव नहीं' के नारे के साथ रैलियां करेंगे। उन्होंने उत्तर बंगाल के बाढ़ प्रभावित निवासियों को भी संबोधित किया और कहा कि भाजपा उनके पुनर्वास के लिए धन मुहैया कराएगी। अधिकारी ने कहा कि मालदा उत्तर से भाजपा सांसद मुर्मू अनुसूचित जनजाति समुदाय से हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के आदिवासी मोर्चा ने अनुभवी सांसद पर हमले के खिलाफ पूरे बंगाल में विरोध प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि मुर्मू को स्वस्थ होने में अभी दो महीने और लगेंगे। उन्होंने दावा किया कि हमले के संबंध में राज्य पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारियां महज दिखावा हैं। अधिकारी ने कहा कि भाजपा इस मामले की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) जांच और अदालत की निगरानी में जांच चाहती है।


### खगेन मुर्मू के स्वास्थ्य की जानकारी लेने अस्पताल पहुंचे शुभेंदु अधिकारी



उत्तर बंगाल में राहत वितरण के दौरान कुछ दिन पहले हमले में गंभीर रूप से घायल हुए भाजपा सांसद खगेन मुर्मू अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। गुरुवार को राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी सिलीगुड़ी के निजी अस्पताल पहुंचकर खगेन मुर्मू से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## नैहाटी में वोटर लिस्ट में पाकिस्तानी नागरिक का नाम, अर्जुन सिंह का सनसनीखेज दावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में विशेष गहन संशोधन को लेकर राजनीति गर्म हो गई है। इसी बीच, नैहाटी विधानसभा क्षेत्र की वोटर लिस्ट में पाकिस्तान की नागरिक सलाहा इमरान का नाम होने का दावा सामने आया है। यह चौंकाने वाला दावा बैरकपुर के पूर्व सांसद और भाजपा नेता अर्जुन सिंह ने किया। अर्जुन सिंह का आरोप है कि नैहाटी विधानसभा के 115 नंबर पार्ट में वोटर लिस्ट में सलाहा खातून इमरान का नाम है। उन्होंने भारत में नागरिकता के लिए कोई आवेदन नहीं किया, फिर भी उनका नाम बंगाल की वोटर लिस्ट में शामिल कर दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले में तृणमूल कांग्रेस की मिलीभगत रही। इस पर, नैहाटी के वर्तमान विधायक सोनत दे ने कहा कि सलाहा इमरान 28 साल पहले पाकिस्तान में रहती थीं। विवाह के कारण वह भारत आईं।



उनके पति का नाम मोहम्मद इमरान अली है, जो दुबई में काम करते थे। विधायक ने बताया कि दुबई में रहते हुए सलाहा और मोहम्मद इमरान की शादी हुई। तब से वह यहां रह रही हैं और उनका एक बच्चा भी है। वोटर कार्ड की वैधता देखना निर्वाचन आयोग का काम है। इस मामले में सोनत दे ने अर्जुन सिंह पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को राजनीतिक रंग दे दिया है। इस बीच, मोहम्मद इमरान अली ने स्वीकार किया कि उनकी पत्नी पाकिस्तान में जन्मी हैं। साथ ही, यह भी माना कि उनका पासपोर्ट और वीज़ा रद्द हो चुका है। हालांकि उन्होंने बताया कि सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए गए हैं और नागरिकता के लिए आवेदन भी किया गया है। इसके अलावा उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनकी पत्नी का वोटर कार्ड है और वह वोट भी देती हैं।

## वैवाहिक कलह के कारण पत्नी की हत्या के बाद पति ने थाने में किया आत्मसमर्पण

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैवाहिक कलह के चलते एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और फिर थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। यह घटना डायमंड हार्बर थाने के अंतर्गत नेतरा दक्षिण शेवुड़दा बांकीमोड़ गांव की है। पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृत महिला की पहचान ताजलिमा बीबी (20) के रूप में हुई है। कुछ वर्ष पहले हाटुगंज निवासी ताजलिमा की शादी नेतरा दक्षिण शेवुड़दा गांव के निवासी साबिर मोल्ला से हुई थी। दंपति की एक चार साल की बेटी भी है। साबिर पेशे से दर्जी है और घर पर ही सिलाई का काम करता था। पड़ोसियों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। झगड़े बढ़ने पर ताजलिमा अपने मायके चली गई थीं, लेकिन बाद में पति उन्हें वापस घर ले आया। लौटने के बाद भी उस पर अत्याचार करने का आरोप है। बुधवार को साबिर अपनी बेटी को स्कूल से लाकर ससुराल में छोड़ आया। उसी रात दंपति के बीच फिर से झगड़ा हुआ। आरोप है कि गुस्से में आकर साबिर ने पत्नी की पहले पिटाई की, फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। गुरुवार को पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद साबिर ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण किया और पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है और शव को घर में छोड़कर आया है। उसने घर की चाबी भी पुलिस अधिकारियों को सौंप दी। इसके बाद, पुलिस टीम उसके घर पहुंची। गेट का ताला खोलते ही ताजलिमा का शव बरामद हुआ। शरीर पर कई चोटों के निशान पाए गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, साबिर ने पत्नी की पिटाई करने के बाद गला दबाकर हत्या की है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

## ब्राइडल ग्लैमर से एक्सचेंज बेनिफिट तक - इस दीवाली ज्वैलरी की पूरी रौनक

**कोलकाता, समाज्ञा :** दीवाली और धनतेरस भारत में खुशियों, रोशनी और समृद्धि का प्रतीक हैं। यह त्योहार न केवल देवी लक्ष्मी की पूजा और घरों को सजाने का अवसर है, बल्कि अपने प्रियजनों को उपहार देने और नई ज्वैलरी खरीदने का भी खास मौका प्रदान करता है। इस अवसर पर लोग सोना, चांदी और बहुमूल्य आभूषण खरीदते हैं, ताकि अपने घर और जीवन में समृद्धि और सौभाग्य ला सकें। त्योहार की इस रौनक को देखते हुए ज्वैलरी कंपनियां विशेष कलेक्शन और आकर्षक ऑफर के साथ ग्राहकों के अनुभव को और भी खास बनाती हैं।

**❑ इंडियन जेम ज्वैलरी क्रिएशन:**

इस दीवाली, इंडियन जेम ज्वैलरी क्रिएशन अपने ग्राहकों के लिए पेश कर रहा है एक खास अवसर - स्मार्ट गोल्ड एक्सचेंज फेस्टिवल। इस फेस्टिवल के तहत आप अपने पुराने सोने को नई, शानदार ज्वैलरी में बदल सकते हैं और इसके मूल्य पर अतिरिक्त 2% बोनस भी प्राप्त कर सकते हैं। यह ऑफर आपके त्योहारों की रौनक और भी बढ़ा देगा। कलेक्शन में नाजुक डिजाइन और रंग-बिरंगे रत्न शामिल हैं, जो परंपरा और आधुनिक शैली का अद्भुत मिश्रण प्रस्तुत करते हैं। भव्य नेकलेस से लेकर खूबसूरत चूड़ियों तक, हर पीस इस त्योहार में आपके उत्सव को और भी चमकदार बनाने के लिए तैयार किया गया है। **प्रयास दुग्गड़** ने कहा हमारी दीवाली कलेक्शन भारत की समृद्ध विरासत और परफेक्शन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारी विशेष त्योहार पेशकश के साथ अपने उत्सव की खुशी और भी चमकदार बनाएं



प्रयास दुग्गड़ (एमडी, इंडियन जेम ज्वैलरी क्रिएशन)



विजय सोनी (डायरेक्टर,महावीर डांवर ज्वैलस)

**❑ महावीर डांवर ज्वैलर्स**

इस दीवाली और धनतेरस के खास मौके पर महाबीर दांवर ज्वैलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए एक भव्य नया कलेक्शन लॉन्च किया है। इस साल के त्योहारों के लिए विशेष रूप से पद्मावती कलेक्शन (ब्राइडल) पेश किया गया है, जिसमें पारंपरिक सुंदरता और आधुनिक डिजाइन का बेहतरीन संगम है। डायरेक्टर **विजय सोनी** ने बताया कि इस मौके पर गोल्ड की चेन और ब्रेसलेट में भी नए कलेक्शन उपलब्ध है। साथ ही, ग्राहकों को मेकिंग चार्ज पर विशेष छूट का लाभ मिलेगा। गोल्ड ज्वैलरी के मेकिंग में 35% तक की छूट और डायमंड ज्वैलरी में 50% से 70% तक की छूट दी जा रही है। इस अवसर पर ग्राहक अपनी पसंद की ज्वैलरी को आकर्षक कीमत पर खरीदकर अपने त्योहारों को और भी खास बना सकते हैं।

## नीमतला घाट पर नदी में बही कार, चार घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगा नदी में गुरुवार की सुबह एक कार बहती हुई देखी गई, जिससे नीमतला घाट पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय घाट पर काफी लोग इकट्ठा हो गए। गंगा से कार को निकालने के लिए कोलकाता रिवर ट्रैफिक पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह एक युवक भूतनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने आया था। उसने अपनी कार घाट पर पार्क की और मंदिर की ओर गया। पूजा से लौटने से पहले ही उसकी कार लुढ़कते हुए पानी में बह गई। घाट पर मौजूद लोग इसे देखकर हंगामा करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि घाट के किनारे खड़ी कार धीरे-धीरे गंगा में बहने लगी और कुछ ही पलों में नदी के मध्य तक पहुंच गई। इसके बाद रिवर ट्रैफिक पुलिस को सूचना दी गई और उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए कार को निकालने का काम शुरू किया। घटना में तीन लोग घायल हुए हैं, जिनका उपचार स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवैध रेत खनन : आसनसोल समेत राज्य में कई स्थानों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार की सुबह राज्य के कई जिलों में छापेमारी की। इस दिन, सुबह-सुबह ईडी की टीम आसनसोल के मुर्गाशोल इलाके में रेत कारोबारी मनीष बागड़िया के घर पहुंची और तलाशी शुरू की। ईडी ने राज्य में सात जगहों पर रेत के कारोबार से जुड़े कारोबारियों के घरों और दफ्तरों पर छापेमारी शुरू की है। इनमें पुरुलिया, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, आसनसोल और कोलकाता शामिल हैं। बताया गया है कि यह मामला रेत कारोबारी से जुड़ा है। इस छापेमारी में केंद्रीय एजेंसी के कुल 40 अधिकारी शामिल हैं। केंद्रीय बल भी उनके साथ हैं। पता चला है कि ईडी के अधिकारी जब बागड़िया के घर में




घुसे तब परिवार के सदस्यों की नींद खुली। अंदर घुसते ही परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल फोन छीन लिए गए। घर के सभी मुख्य द्वार बंद कर दिए गए। फिलहाल घर के अंदर तलाशी और सदस्यों से पूछताछ की। ईडी की जांच टीमें कोलकाता के बेंटिंक स्ट्रीट इलाके, लालगढ़ और झाड़ग्राम जिले के गोपीबल्लभपुर स्थित कार्यालयों पर छापेमारी कर रही हैं। दूसरी ओर, पश्चिम बर्दवान जिले के आसनसोल में एक व्यवसायी के घर पर भी तलाशी अभियान चलाया गया।ईडी के अधिकारी व्यापारिक रिकॉर्ड, वित्तीय दस्तावेज और गिरोह से जुड़ी संपत्तियों की तलाशी ले रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, मनीष बागड़िया और उनके कई व्यापारिक साझेदारों ने नदी से रेत निकालने का आधिकारिक तौर पर टेंडर लिया था। लेकिन ईडी की यह कार्रवाई यह पता लगाने के लिए है कि क्या आधिकारिक तौर पर रेत निकालने के अलावा नदी से अवैध रूप से रेत निकाली गई और क्या इससे मुनाफा कमाया गया। अधिकारियों को पता चला है कि मनीष बागड़िया राज्य के अलग-अलग हिस्सों में एक सिंडिकेट बनाकर रेत के इस कारोबार में शामिल थे। उन पर रेत की अवैध तस्करी का आरोप है और इसी सिलसिले में ईडी इस कार्रवाई को अंजाम दे रही है।

## मुर्शिदाबाद में छह वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** ज़िले के सुती थाने की पुलिस ने एक छह साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में एक युवक को सात दिनों की पुलिस हिरासत में लिया है। आरोपित ने कथित तौर पर मंगलवार की शाम गांव में बिजली गुल होने के दौरान बच्ची को एक झाड़ी के पीछे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आरोपित को जंगीपुर महकमा अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। घटना के संबंध में, फरक्का महकमा पुलिस अधिकारी एस.के. शमसुद्दीन ने कहा कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है और वह फिलहाल पुलिस हिरासत में है। उससे पूछताछ की जा रही है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण



के लिए भेज दिया गया है। जांच जल्द पूरी करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि गिरफ्तार युवक कई तरह के नशे का आदी था। पुलिस के अनुसार, मंगलवार रात की घटना के बाद बच्ची को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपित के चेहरे और शरीर के विभिन्न हिस्सों पर खरोंच के निशान थे। पुलिस कर्मी बुधवार को आरोपी को घटनास्थल पर ले गए थे।

## 'बुद्धदेव के दौर में बना बंगाल का काला इतिहास', कल्याण बंद्योपाध्याय का वाम मोर्चा पर हमला

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर से तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बंद्योपाध्याय ने बुधवार की शाम तृणमूल के विजया सम्मेलन के मंच से वाममोर्चा सरकार और दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में हत्या और दुष्कर्म के सबसे अधिक मामले वाम शासन के दौरान हुए थे, और इनमें भी बुद्धदेव भट्टाचार्य के शासनकाल में सबसे ज्यादा घटनाएं दर्ज की गईं। कल्याण बंद्योपाध्याय ने कहा कि आज कुछ वामपंथी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। लेकिन उनको याद रखना चाहिए, उनका अतीत कोई नहीं भूला है। बंगाल में हत्या-दुष्कर्म उनके समय में सबसे अधिक हुए। बुद्धदेव भट्टाचार्य के शासनकाल में तो यह चरम पर था। आज कुछ बुद्धिजीवी उनकी तस्वीर टांगकर उन्हें पूजते हैं, लेकिन हम कहते हैं, 'छि: बुद्ध, छि:!' वे सम्माननीय व्यक्ति थे,



अब नहीं रहे, पर मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने एक काला इतिहास रचा। उनके समय में पुलिस पूरी तरह से सीपीएम की गुलाम थी। वहीं, शुभेंदु अधिकारी को चुनौती देते हुए तृणमूल सांसद ने कहा कि अब आए हैं शुभेंदु अधिकारी। वर्ष 2026 के चुनाव में उन्हें कितने हजार वोटों से हराया जाता है, यह देख लेना। वे ममता बनर्जी को चुनौती दे रहे हैं। वे कितने बड़े नेता हैं? मैं उन्हें खुली चुनौती देता हूं। वे श्रीरामपुर लोकसभा क्षेत्र के किसी भी विधानसभा सीट से जीतकर दिखाएं। कल्याण बंद्योपाध्याय ने दुर्गापुर गैंगरेप प्रकरण पर विपक्ष के नेता पर धर्म आधारित राजनीति करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि दुर्गापुर की घटना को लेकर शुभेंदु अधिकारी हिंदू-मुस्लिम राजनीति कर रहे हैं। अपराधियों का कोई धर्म नहीं होता, वे सिर्फ अपराधी होते हैं।

# दिवाली से पूर्व लाइट बाजार में लौटी रौनक, खरीददारी के लिए उमड़ रही भारी भीड़



सिद्धार्थ हर्ष



उमाशंकर अग्रवाल (बंटी)




चंदेश मेघाणी (रोमी भाई)



अरबिंद तिवारी बाबा



सपन दत्ता



शेख सहाबुद्दीन



जीतेंद्र सुराणा



आलोक सिंह



अविनाश वर्मा



संजय सिंघानिया



अभिषेक वर्मा



विनीत भाटिया

**❑ भारतीय उत्पाद की जगह चाइनीज लाइट की मांग अधिक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिवाली से पहले, इजरा स्ट्रीट समेत आसपास की लाइट और इलेक्ट्रिकल दुकानें चमक उठी है। बाजार में भारी भीड़ उमड़ रही है। ग्राहकों की तादाद बहुत अधिक होने के कारण कई दुकानें तय समय से काफी लेट बंद हो रही है। यहां लाइट्स की रेंज 50 से लेकर 5,000 या उससे ऊपर तक उपलब्ध है। इस विषय पर समाज्ञा की टीम ने बाजार के थोक विक्रेताओं, व्यापारी एवं स्थानीय संस्था के अन्य कई वर्गों से विशेष बातचीत की।

**सिद्धार्थ हर्ष** ने कहा कि दिवाली से पूर्व बाजार में रोजाना भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग खरीददारी भी कर रहे है। लेकिन, स्थिति पहले जैसे नहीं है। वर्तमान स्थिति में लोग औसतन खरीददारी कर रहे है, जो हमारे उम्मीद से काफी कम है। हालांकि, उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बिक्री बढ़ेगा।

**उमाशंकर अग्रवाल (बंटी)** ने कहा कि इस साल बाजार में ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। हालांकि, उन्होंने बताया कि खरीदार गुणवत्ता की तुलना में डिज़ाइन और कीमत पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। भारतीय निर्मित लाइटें टिकाऊ और सुरक्षित हैं, लेकिन लोग सस्ती दरों के कारण चाइनीज लाइटें अधिक पसंद कर रहे हैं।

**चंदेश मेघाणी (रोमी भाई)** ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बाजार में प्रतिस्पर्धा काफी बढ़ गई है। इस बार चाइनीज लाइटें नए डिजाइनों और आकर्षक रंगों में उपलब्ध हैं, जिससे खरीदार उनकी ओर खिंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय उत्पादों की कीमतें थोड़ी कम हों और उनमें डिज़ाइन विविधता बढ़ाई जाए, तो ग्राहक निश्चित रूप से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे।

**अरबिंद तिवारी बाबा** ने कहा कि बीते कुछ वर्षो की तुलना में इस वर्ष लाइट के बाजार ने काफी तेजी देखी गई है। बाजार में रोजाना भारी भीड़ के साथ लगातार खरीददारों की संख्या बढ़ रही है, जो काफी अच्छा है। इस वर्ष दुकानदारों के चेहरे पर मायूसी नही, बल्कि खुशी दिख रही है। लॉकडाउन के बाद, इस वर्ष आशानुरुप बिक्री हुई है। इसके साथ ही बाजार में नई व विभिन्न डिजाईन की लाइटें भी उपलब्ध है, जो लोगों की काफी आकर्षित कर रही है। लेकिन, ये सभी चाइनीज लाइट है और इसकी मांग बाजारों में अत्यधिक है, क्योंकि यह काफी किफायती दामों में उपलब्ध है। हालांकि, उन्होंने भारतीय निर्मित लाइटों की मांग में कमी पर निराशा जताई। उनके अनुसार, केंद3 सरकार के 'वोकल फॉर लोकल' के नारे को जीवंत करने के लिए इनके मूल्य में कमी लानी होगी एवं डिजाइन विविधता लानी पड़ेगी, ताकि भविष्य में इसमें भी तेजी आए। इसके लिए उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार को फिर से राज्य में कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने का आग्रह किया है।




थोक विक्रेता **सपन दत्ता** ने कहा कि पिछले कुछ सालों की तुलना में इस साल बिक्री अच्छी हो रही है। और आने वाले दिनों में बढ़ोतरी देखी जा सकती है। बाजारों में दिन-ब-दिन भीड़ बढ़ती दिख रहै है।

थोक विक्रेता **शेख सहाबुद्दीन** ने कहा कि इस साल बिक्री अच्छी हो रही है। भारतीय निर्मित लाइटों से ज्यादा चाइनीज लाइटों की मांग है। क्योंकि ये काफी किफायती दामों में उपलब्ध है, जबकि भारतीय लाइटों की कीमत अधिक है। साथ ही, भारतीय लाइट की उपलब्धता भी कम है। उनके अनुसार, बाजार में रोप, स्ट्रीप जैसे चाइनीज लाइटों की मांग अधिक है।

सीटा के अध्यक्ष **जीतेंद्र सुराणा** ने कहा कि इस वर्ष भीड़ बढ़ी है। लोग आशानुरुप खरीददारी भी कर रहे है। बाजार में फिर पहले जैसे रौनक लौटी है। उनके अनुसार, बाजार में भारतीय लाइट की जगह इस वर्ष भी चाइनीज लाइट की मांग अधिक है। साथ ही, उन्होंने बताया कि बाजार में अत्यधिक भीड़ उमड़ रही है, जिसे नियंत्रित करने के लिए सीटा ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से इजरा स्ट्रीट इलाके में बैरिकेडिंग करेगी, ताकि लोग सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से खरीददारी कर सके।

सीटा के सचिव **आलोक सिंह** ने कहा कि इस वर्ष भीड़ बढ़ी है। लोग आशानुरुप खरीददारी भी कर रहे है। उनके अनुसार, बाजार में भारतीय लाइट की जगह इस वर्ष भी चाइनीज लाइट की मांग अधिक है।

सीटा के सह सचिव **अविनाश वर्मा** ने कहा कि बाजार में भीड़ अन्य दिनों की तरह ही है। दिवाली का खासा प्रभाव देखने को नहीं मिला है। जीएसटी में कमी के बाद, केवल वाहनों एवं इलेक्ट्रिक सामानों की खरीददारी में वृद्धि आई है। लेकिन, लाइटों की बिक्री में कोई खासा प्रभाव देखने को नहीं मिला है, जैसा कि उम्मीद जताई जा रही थी।

चार्ज एलईडी इंडस्ट्री के निदेशक **संजय सिंघानिया** ने कहा कि बिक्री काफी अच्छी है। भीड़ जिस तरह उमड़ रही है, उस तरह खरीददारी भी कर रही है। बाजार में चाइनीज लाइटों की मांग है, लेकिन भारतीय लाइटों भी बिक्री अच्छी हो रही है।

सीडा के अध्यक्ष **अभिषेक वर्मा** ने कहा कि बाजार में भारी भीड़ है, लेकिन खरीददारी आशानुरुप नहीं है। उनके अनुसार, हाल ही में उत्तर बंगाल में आए आपदा का प्रभाव बाजार में पड़ा है, जिससे खरीददारी में काफी कमी आई है।

**विनीत भाटिया** ने कहा कि इस दिवाली लोग लाइटों की जगह सोने व गैजेट्स में अधिक निवेश कर रहे है। वर्तमान में, बाजार की स्थिति पहले जैसी नहीं है। बाजार में चाइनीज लाइटों की मांग अधिक है, क्योंकि भारतीय उत्पादों की कीमत अधिक है एवं विविधता में भी कमी है। उन्होंने सरकार से भारतीय निर्मित लाइटों की उपलब्धता एवं कीमतों को किफायती करने की अपील की है।

## मंदारमणि रिसॉर्ट से गिरफ्तार हुआ हुगली का ठग, मैट्रिमोनी साइट पर हाई-प्रोफाइल बिजनेसमैन बनकर 44 लाख की ठगी



**हुगली :** पुलिस ने हुगली के ठग को मंदारमणि के एक रिसॉर्ट से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। हुगली ग्रामीण पुलिस की साइबर सेल ने एक हाई-प्रोफाइल ऑनलाइन फ्रॉड गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जमीर अब्बास (37) के रूप में हुई है, जो हुगली के खानाकुल का निवासी है। जमीर पर आरोप है कि उसने एक मैट्रिमोनी साइट पर खुद को अनुपम राय नामक बिजनेसमैन बताकर हुगली की एक युवती और उसके परिवार से 44 लाख रुपये ठग लिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (हुगली ग्रामीण) कल्याण सरकार ने प्रेसवार्ता के जरिये बताया कि 26 मई को साइबर क्राइम थाने में एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि मैट्रिमोनी साइट पर अनुपम राय नामक व्यक्ति से उसकी जान-पहचान हुई, जिसने शादी का प्रस्ताव दिया और धीरे-धीरे परिवार से भी नजदीकी बढ़ा ली। बाद में आरोपी ने युवती को बताया कि उसके बिजनेस को लेकर जीएसटी और इनकम टैक्स से जुड़ी समस्या हो गई है और बैंक खाते सील कर दिए गए हैं। उसने कहा कि थोड़े पैसे मिलने पर खाते फिर से शुरू हो जायेंगे। इस बहाने उसने युवती के परिवार से कुल पांच खातों में 44 लाख रुपये ट्रांसफर करवाए। इसके बाद आरोपी ने अपना प्रोफाइल साइट से हटा दिया और संपर्क बंद कर दिया। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और पहले दो लोगों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के नाम झारखंड निवासी अभिषेक राय और हुगली निवासी जहीर अब्बास है।

दोनों आरोपी खुद को जमीर अब्बास का मैनेजर बताकर यह ठगी चलाते थे। लंबे पीछा करने के बाद मुख्य आरोपी जमीर अब्बास को बुधवार को मंदारमणि के एक रिसॉर्ट से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, जमीर अब्बास कई युवतियों को शादी का झांसा देकर इसी तरह से ठगता था। वह भरोसा जीतने के बाद परिवार से बड़ी रकम वसूल करता था। अब यह जांच की जा रही है कि इस गैंग में और कौन-कौन शामिल है और वे कब से इस तरह की धोखाधड़ी चला रहे थे।

# इक्कीसवीं सदी भारत की, 2047 तक 'विकसित भारत' का सपना साकार होगा: प्रधानमंत्री मोदी

## आंध्र प्रदेश में 13,430 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया



**कुरनूल :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 21वीं सदी 140 करोड़ भारतीयों की है और 2047 तक 'विकसित भारत' का सपना साकार हो जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर बिजली क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया। भारत के 'मेक इन इंडिया' पारिस्थितिकी तंत्र की तारीफ करते हुए मोदी ने कहा , ''हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' में घरेलू स्तर पर निर्मित 'उपकरणों' की ताकत देखी'', जो 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ चलाया गया सैन्य अभियान था। प्रधानमंत्री ने आयकर छूट की सीमा 12 लाख रुपये किए जाने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के ढांचे में सुधार जैसे हालिया घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि नागरिक-केंद्रित विकास राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए लगातार सुधार किए जा रहे हैं। मोदी ने आंध्र प्रदेश के लिए 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के बाद यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, जैसा कि (आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री) चंद्रबाबू नायडू ने कहा है, 2047 में आजादी के शताब्दी वर्ष तक 'विकसित भारत' का सपना साकार हो जाएगा। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 21वीं सदी भारत की होगी।

# संरा आज भी 2025 की जगह 1945 की वास्तविकता को प्रदर्शित करता है, इसमें सुधार होना चाहिए : जयशंकर




**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र आज भी 1945 की वास्तविकताओं को दर्शाता है, न कि 2025 की। जयशंकर ने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र के प्रभावी होने के लिए इसमें सुधार होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्व निकाय को अधिक समावेशी, लोकतांत्रिक, सहभागी और वर्तमान विश्व का प्रतिनिधित्व करने वाला बनना होगा। संयुक्त राष्ट्र सैनिक योगदानकर्ता देशों (यूएनटीसीसी) के प्रमुखों के सम्मेलन के समापन दिवस पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 'गैर-राज्यीय तत्वों के उदय' और असमान युद्ध के साथ संघर्षों की प्रकृति बदल गई है। विदेश मंत्री ने उभरती वास्तविकताओं के अनुरूप वैश्विक शांति स्थापना प्रयासों को समन्वित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने शांति स्थापना संबंधी निर्णय सभी हितधारकों, जिनमें सैनिक योगदानकर्ता और मेजबान देश शामिल हैं, के साथ गहन परामर्श से लिए जाने का भी आह्वान किया। अपने संबोधन में, उन्होंने 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए अपनी हालिया न्यूयॉर्क यात्रा का जिक्र किया। विदेश मंत्री ने कहा, ''मैं आपके साथ उस अनुभव की कुछ प्रमुख अंतर्दृष्टि साझा करना चाहता हूं। पहला, संयुक्त राष्ट्र आज भी 1945 की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करता है, 2025 की नहीं। अस्सी साल किसी भी मानदंड से एक लंबा समय है, और इस अवधि के दौरान, संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता वास्तव में चार गुनी हो गई है। दूसरा, जो संस्थाएं अनुकूलन स्थापित करने में विफल रहती हैं, वे अप्रासंगिक होने का जोखिम उठाती हैं। न केवल अप्रासंगिकता, बल्कि वैधता का क्षरण और अनिश्चितता के समय में हमें बिना किसी सहारे के छोड़ देती हैं।'' उन्होंने कहा, ''तीसरा, संयुक्त राष्ट्र के प्रभावी होने के लिए, इसमें सुधार होना चाहिए, इसे अधिक समावेशी, लोकतांत्रिक, सहभागी और जैसा कि मैंने कहा, आज की दुनिया का प्रतिनिधि बनना चाहिए। और, चौथा, इसे विकासशील दुनिया की आवाज को और मुखर करना चाहिए और उभरते ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की वैधता, और मैं कहूंगा, संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता, ऐसा करने पर निर्भर करती है।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### कनाडा के सरे में कॉमेडियन कपिल शर्मा के रेस्तरां पर तीसरी बार गोलीबारी

**सरे (कनाडा) :** कनाडा के सरे में बृहस्पतिवार को हास्य कलाकार कपिल शर्मा के रेस्तरां पर फिर गोलीबारी की गई। जुलाई में रेस्तरां खुलने के बाद से यहां पर तीसरी बार गोलीबारी हुई है। सरे पुलिस सेवा (एसपीएस) ने कहा कि वह सरे के न्यूटन क्षेत्र में एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में तड़के हुई गोलीबारी की जांच कर रही है। एसपीएस ने एक बयान में कहा कि अधिकारियों को बृहस्पतिवार तड़के 3:45 बजे शहर के न्यूटन पड़ोस में 120 स्ट्रीट के 8400 ब्लॉक में बुलाया गया, जहां उन्होंने पाया कि रेस्तरां को ''कई गोलियां'' से नुकसान पहुंचाया गया है। इसमें कहा गया कि कर्मचारी कैफे के अंदर थे, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। बयान में कहा गया कि 'एसपीएस फ्रंटलाइन इनवेस्टिगेटिव सपोर्ट टीम' और 'इंटीग्रेटेड फोरेंसिक आइडेंटिफिकेशन सर्विस' घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में सहायता करेंगी।

### अभिनेत्री मधुमती का 84 साल की उम्र में निधन, अक्षय कुमार समेत अन्य ने जताया शोक

**मुंबई :** गुजरे जमाने की अभिनेत्री-नृत्यांगना मधुमती का जुहू स्थित उनके आवास पर उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। उनके एक करीबी सहयोगी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वह 84 वर्ष की थीं। पहले उनका नाम हुटोक्सी रिपोर्टर था लेकिन दिलीप कुमार की फिल्म मधुमती की रिलीज के बाद अपना नाम बदल लिया। 1950 और 60 के दशक में, चाहे वह कथक हो या समकालीन पश्चिमी नृत्य, वह नृत्य प्रस्तुतियों के लिए लोकप्रिय हो गईं। मधुमती ने 'राजा हरिश्चंद्र', 'तलाश' 'अमर अकबर एंथोनी' समेत कई फिल्मों में काम किया। मधुमती अक्षय कुमार, चंकी पांडे, तब्बू और सोनम कपूर जैसे कलाकारों की नृत्य गुरु थीं।

### जम्मू-कश्मीर में बलात्कार का आरोपी लगभग 30 साल बाद गिरफ्तार

**जम्मू :** बलात्कार और अपहरण के एक मामले में करीब 30 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को जम्मू जिले के झज्जर कोटली इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग के खड़वानी हरपोरा निवासी अब्दुल हमीद के खिलाफ वर्ष 1996 में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक टीम ने हमीद को पकड़ लिया और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 512 के तहत वारंट जारी किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

### रोहतक के एएसआई संदीप कुमार की मौत के संबंध में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**चंडीगढ़ :** हरियाणा पुलिस ने सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) संदीप कुमार लाठर की मौत के संबंध में उनके द्वारा छोड़े गए नोट और वीडियो के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

# जुबिन की मौत के 28 दिन बाद अब उन्हें श्रद्धांजलि देने आ रहे राहुल: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि सांस्कृतिक जगत के प्रतीक पुरुष जुबिन गर्ग को श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का निर्धारित दौरा उनके निधन के 28 दिन बाद हो रहा है, लेकिन फिर भी ''देर आए दुरुस्त आए।'' लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल के शुक्रवार दोपहर को यहां पहुंचने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमें उम्मीद थी कि प्रियंका गांधी जैसा कोई वरिष्ठ कांग्रेस नेता या कोई अन्य गायक के अंतिम संस्कार में मौजूद रहेगा।'' शर्मा ने कहा कि चूंकि वह गायक को श्रद्धांजलि देने आ रहे हैं, इसलिए 'हम गांधी की राज्य यात्रा का स्वागत करते हैं'। सिंगापुर में 52 वर्षीय गर्ग की 19 सितंबर को समुद्र में तैरते समय मृत्यु हो गई थी। गुवाहाटी के पास राजकीय सम्मान के साथ 23 सितंबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया था। असम सरकार ने एक एसआईटी का गठन किया है जो उनकी मृत्यु के कारणों की जांच कर रही है। शर्मा ने कहा कि भूपेन हज़ारिका के निधन के समय कांग्रेस का कोई भी वरिष्ठ नेता नहीं आया था, लेकिन इस बार कम से कम कोई तो आ रहा है भले ही 28 दिन बाद ही क्यों न आ रहा हो। उन्होंने आगे कहा, ''कांग्रेस की घड़ी हमेशा देर से चलती है, लेकिन देर आए दुरुस्त आए।'' गांधी गुवाहाटी के बाहरी इलाके सोनापुर में गर्ग के स्मारक स्थल पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए प्रौद्योगिकियों के आयात पर निर्भर नहीं रह सकते हैं हम: राजनाथ सिंह

**पुणे :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि कुछ देश संरक्षणवादी नीतियां अपनाते हैं और कभी-कभी विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी छिपाते हैं, जबकि भारत ने इन बाधाओं को सफलतापूर्वक चुनौती दी है और साबित किया है कि यदि इरादे साफ हों तो कोई भी देश किसी भी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है। सिंह ने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए प्रौद्योगिकियों के आयात पर निर्भर नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य न केवल देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि इसे इस क्षेत्र में वैश्विक नव-ाचार केंद्र के रूप में स्थापित करना है। रक्षामंत्री ने कहा कि भारत को न



केवल प्रौद्योगिकी का उपयोगकर्ता होना चाहिए, बल्कि इसका निर्माता भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी जरूरतों को पूरा करने के अलावा, देश एक विश्वसनीय रक्षा भागीदार बन रहा है। सिंह यहां रक्षा मंत्रालय की सलाहकार समिति के आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) के दौरे के दौरान बोल रहे थे। वह समिति के अध्यक्ष हैं। यह प्रतिष्ठान आयुध एवं लड़ाकू इंजीनियरिंग प्रणाली (एसीई) क्लस्टर के तत्वावधान में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रमुख प्रयो-गशाला है। इस दौरे के दौरान, समिति ने क्लस्टर की विभिन्न प्रयो-गशालाओं द्वारा विकसित अत्याधुनिक उत्पादों का निरीक्षण किया। प्रदर्शित उल्लेखनीय उत्पादों में 'एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम', 'पिनाका रॉकेट सिस्टम', हल्का टैंक 'ज़ोरावर', पहिएदार बख्तरबंद प्लेटफ़ॉर्म और आकाश-नई पीढ़ी की मिसाइल शामिल हैं।

# जनगणना 2027 के पहले चरण के लिए पूर्व-परीक्षण कवायद 10-30 नवंबर तक होगी

**नयी दिल्ली :** जनगणना 2027 के पहले चरण के लिए मकान सूचीकरण और आवास जनगणना समेत पूर्व-परीक्षण कवायद 10 से 30 नवंबर 2025 तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनिंदा नमूना क्षेत्रों में आयोजित होगी। एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने एक अधिसूचना में कहा कि एक से सात नवंबर तक स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा। पूर्व-परीक्षण कवायद में एक अप्रैल, 2026 और 28 फरवरी, 2027 के बीच दो चरण में होने वाली जनगणना की प्रभावकारिता का जायजा लिया जाएगा। इन दो चरण में मकान सूचीकरण और आवास अनुसूची (एचएलओ), तथा जनसंख्या गणना होगी। यह पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें नागरिकों की जाति की गणना भी की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षण चरण के दौरान, इस वृहद प्रक्रिया के सभी पहलुओं, जैसे प्रश्न, डेटा संग्रह, प्रशिक्षण, मोबाइल एप्लिकेशन और सॉफ्टवेयर का मूल्यांकन किया जाएगा ताकि प्रक्रिया में आने वाली किसी भी समस्या का समाधान किया जा सके। पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण ऑपरेशन (एचएलओ) में प्रत्येक परिवार की आवास स्थिति, परिसंपत्तियों और सुविधाओं के बारे में डेटा एकत्र किया जाएगा। दूसरे चरण, यानी जनसंख्या गणना (पीई) में प्रत्येक घर के प्रत्येक व्यक्ति का जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य विवरण एकत्र किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि यह प्रक्रिया एक फरवरी, 2027 तक चलेगी।

# घर एवं कार्यालय में या देशों के बीच हमेशा पुल बनाएं, बाधाएं न खड़ी करें: श्रीलंका की प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली :** भारत दौरे पर आईं श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने बृहस्पतिवार को लोगों से अपील की कि वे ''घर एवं कार्यालय में या देशों के बीच हमेशा पुल बनाएं, बाधाएं खड़ी न करें।'' अमरसूर्या ने द्वीप देश में आर्थिक संकट के दौरान भारत द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का जिक्र करते हुए कहा कि यह ''हमारे सबसे बुरे समय में एक सच्चे मित्र द्वारा बढ़ाया गया हाथ'' था। श्रीलंका की प्रधानमंत्री अमरसूर्या ने अपने पूर्व संस्थान हिंदू कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों पड़ोसी देश सभ्यता और सांस्कृतिक संबंधों से बंधे हैं और भारत श्रीलंका की यात्रा में एक अटूट साझेदार है। अमरसूर्या ने दिल्ली विश्वविद्यालय के इस प्रतिष्ठित संस्थान में अपने छात्र जीवन की यादें ताजा कीं। कॉलेज की पूर्व छात्रा अमरसूर्या ने 1991 से 1994 तक दिल्ली विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई की थी। अमरसूर्या 16 से 18 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। अमरसूर्या के आगमन से पहले ही परिसर में संकाय सदस्यों एवं छात्रों में काफी उत्साह देखा गया और श्रीलंकाई प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए दीवारों और गलियारों में बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए। संकाय सदस्य, वर्तमान छात्र और अन्य पूर्व छात्र परिसर में एकत्र हुए।

# डीआरआई ने हैदराबाद हवाई अड्डे पर 2.37 करोड़ रुपये मूल्य का 1,798 ग्राम सोना जब्त किया



**हैदराबाद :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने बताया कि बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री से 2.37 करोड़ रुपये मूल्य का 1,798 ग्राम सोना जब्त किया गया। डीआरआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए डीआरआई की हैदराबाद इकाई के अधिकारियों ने कुवैत से शारजाह होते हुए हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक आए एक यात्री को रोका। इसमें कहा गया है कि यात्री के सामान की गहन जांच के दौरान 24 कैरेट सोने की पांच छड़ें और 24 कैरेट सोने की दो छड़ों के कटे हुए टुकड़े बरामद हुए, जिनका कुल वजन 1,798 ग्राम था और जिनकी कीमत 2.37 करोड़ रुपये आंकी गई। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सोने की पांच छड़ें दरवाजे के धातु के ताले में छिपाई गई थीं और सोने की दो छड़ों के कटे हुए टुकड़े सूरजमुखी के बीजों से भरे प्लास्टिक के थैले में छिपाए गए थे।

# आरेडिका ने स्वच्छता अभियान 5.0 के तहत साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**रायबरेली, समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 5.0 के अन्तर्गत महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को प्रभावी बनाने के लिए स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत सिविल विभाग तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से आवासीय परिसर, शॉपिंग कॉम्प-लेक्स की दुकानों, अधिकारी विश्रामगृह गंधमादन, मंदार, वर्कर क्लव, केन्द्रीय विद्यालय, एडमिन कैंटीन, वर्कर कैंटीन, वर्कशॉप के सभी शॉपों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए जाए रहे हैं। स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत स्टोर विभाग द्वारा स्टोर स्थल की साफ-सफाई की और इंवेन्ट्री के सुरक्षित रख-रखाव को सुनिश्चित किया इसके साथ ही फिनिशिंग शॉप में गहन स्वच्छता कार्यक्रम चलाकर परिसर को स्वच्छ किया। 9 अक्टूबर को स्वच्छ आहार दिवस के उपलक्ष्य में अधिकारी विश्रामगृह की कैंटीन,शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानों, एडमिन कैंटीन, वर्कर कैंटीन आदि का निरीक्षण किया तथा विक्रेताओं को व्यक्तिगत कूड़ा-कचरा के निस्तारण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से बचने की सलाह दी। अपने आस-पास के परिसर का साफ-सुथरा रखने के लिए जागरूक किया। आरेडिका द्वारा स्वच्छता के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करने के लिए संबंधित कार्य-क्रम ,नुक्कड़ नाटक स्वच्छता सेल्फी आदि का सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म का उपयोग कर स्वच्छता के प्रति लागों को जागरुक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# कांग्रेस ने बिहार चुनाव के लिए 48 उम्मीदवार घोषित किए

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने 48 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी जिसमें पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजेश राम और विधायक दल के नेता शकील अहमद खान के नाम प्रमुख हैं। पार्टी की ओर से जारी सूची के अनुसार, राजेश राम को उनकी वर्तमान सीट कुटुंबा (औरंगाबाद) से उम्मीदवार बनाया गया है तो शकील अहमद खान को भी उनके मौजूदा क्षेत्र कदवा (कटिहार) से टिकट दिया गया है। पार्टी ने 48 उम्मीदवारों की सूची चुनाव के पहले चरण के नामांकन की अंतिम तिथि से एक दिन पहले जारी की है। इस सूची में पहले चरण के लिए 24 और दूसरे चरण के लिए 24 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में सहमति बन जाने के बाद कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कांग्रेस कुल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, हालांकि सूत्रों का कहना है कि अभी कुछ और उम्मीदवारों के नाम घोषित किए जा सकते हैं। कांग्रेस ने जिन उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है उनमें से कई को पहले ही पार्टी का टिकट सौंपा जा चुका है या उन्हें सूचित किया जा चुका है।

# विश्व खाद्य दिवस 2025 : बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य साथ-साथ

**कोलकाता :** हर वर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व खाद्य दिवस वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा, पोषण और टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहित करने का अवसर है। इस वर्ष का विषय बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य साथ-साथ कृषि-खाद्य प्रणालियों में सुधार के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित करता है।भारत ने पिछले एक दशक में खाद्यान्न उत्पादन में लगभग 90 मिलियन मीट्रिक टन और फल-सब्जियों के उत्पादन में 64 मिलियन मीट्रिक टन की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। देश दूध और बाजरा उत्पादन में विश्व में पहले स्थान पर है, जबकि मछली, फल और सब्जियों के उत्पादन में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने कई योजनाएँ लागू की हैं - राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम , प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना , पीएम पोषण (मिड-डे मील) और चावल का फोर्टिफिकेशन कार्यक्रम जैसे कदम भारत की प्रतिबद्धता को मज़बूती देते हैं। इसके साथ ही स्मार्ट पीडीएस और एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड जैसी पहलें वितरण प्रणाली को पारदर्शी बना रही हैं।हाल ही में लॉन्च किए गए दालों में आत्मनिर्भरता मिशन का उद्देश्य घरेलू दलहन उत्पादन को बढ़ावा देना और दो करोड़ किसानों को लाभान्वित करना है। वहीं, वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के आयोजन ने भारत को वैश्विक खाद्य नवाचार और प्रसंस्करण का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर किया है।विश्व खाद्य दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हर व्यक्ति को सुरक्षित, पौष्टिक और सुलभ भोजन मिलना मानव अधिकार है। भारत की पहलें न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रयासों में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती हैं।

## 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिये मुंबई के व्यवसायी से 58 करोड़ रुपये की ठगी

**मुंबई :** मुंबई में जालसाजों ने खुद को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताकर 72 वर्षीय एक व्यवसायी को 'डिजिटल अरेस्ट' का शिकार बनाया तथा उनसे कथित तौर पर 58 करोड़ रुपये ठग लिए। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 58 करोड़ रुपये की यह ठगी 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े मामले में किसी व्यक्ति से की गई सबसे बड़ी ठगी में से एक हो सकती है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रहे महाराष्ट्र साइबर विभाग ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। 'डिजिटल अरेस्ट' तेजी से बढ़ता साइबर अपराध है, जिसमें जालसाज खुद को कानून प्रवर्तन अधिकारी या सरकारी एजेंसियों का कर्मचारी बताते हैं और ऑडियो/वीडियो कॉल के जरिये पीड़ितों को ऑनलाइन बंधक बनाकर तथा डरा-धमकाकर पैसे देने का दबाव बनाते हैं।

# निर्वाचन आयोग से बिहार की अंतिम मतदाता सूची में गलतियों को सुधारने की अपेक्षा: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद को 'सटीक' बताते हुए उच्चतम न्यायालय से कहा कि याचिकाकर्ता राजनीतिक दल और गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) केवल इस प्रक्रिया को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगाकर खुश हैं। आयोग ने उच्चतम न्यायालय से यह भी कहा कि अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद से नाम हटाने के खिलाफ किसी मतदाता ने एक भी अपील दायर नहीं की है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रैलियों के कारण राजनीतिक दलों के सुनवाई से अनुपस्थित रहने का संज्ञान लेते हुए कहा कि वह निर्वाचन आयोग से अपेक्षा करता है कि वह बिहार में एसआईआर के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची में टाइपिंग संबंधी त्रुटियों और अन्य गलतियों की एक जिम्मेदार प्राधिकार के रूप में जांच करे और सुधारात्मक उपाय प्रस्तुत करे। बिहार में एसआईआर कराने के आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का अनुरोध करते हुए आयोग ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के 'छिपे हुए इरादे' हैं और वे राजनीतिक दलों के चुनावी हितों के लिए एसआईआर प्रक्रिया, अंतिम मतदाता सूची और आयोग को बदनाम करने के लिए केवल 'झूठे आरोप' लगाकर खुश हैं। निर्वाचन आयोग ने अपने हलफनामे में कहा कि बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) की नियुक्ति को छोड़ दें तो राजनीतिक दलों और संगठनों ने यह सुनिश्चित करने में कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं दिया कि सभी पात्र मतदाताओं को अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया जाए।

# हर राज्य में भगोड़ों के लिए विशेष जेल बनें, रेड नोटिस के बाद पासपोर्ट रद्द किए जाएं: अमित शाह




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को हर राज्य में भगोड़ों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक विशेष जेल बनाने का सुझाव दिया और कहा कि इंटरपोल के 'रेड नोटिस' का सामना कर रहे भगोड़ों के पासपोर्ट को रद्द कर दिया जाए ताकि प्रत्यर्पण के बाद उनके साथ दुर्व्यवहार के दावों को कमजोर किया जा सके और सीमा पार उनकी बेरोकटोक आवाजाही को रोका जा सके। विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी सहित कई भगोड़ों ने विदेशी अदालतों में अपने प्रत्यर्पण का विरोध करने के लिए भारतीय जेलों की 'खराब स्थिति' का मुद्दा उठाया है। सीबीआई द्वारा आयोजित 'भगोड़ों का प्रत्यर्पण – चुनौतियां और रणनीतियां' विषय पर एक सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए शाह ने कहा, ''जब तक हम विदेशों से भारतीय अर्थव्यवस्था, हमारी संप्रभुता और हमारी सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाले भगोड़ों के मन में भारतीय न्याय व्यवस्था के प्रति भय पैदा नहीं करते, तब तक हम देश की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते।'' वित्तीय अपराधों, आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी सहित अन्य मामलों में वांछित भगोड़ों को वापस लाने के लिए विभिन्न देशों में भारत के 338 प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं। शाह ने कहा कि भगोड़ों के खिलाफ इंटरपोल का रेड नोटिस जारी होने पर उनके पासपोर्ट को निगरानी सूची में शामिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा, ''मौजूदा तकनीक के साथ ऐसा करना कोई मुश्किल काम नहीं है। जब रेड नोटिस जारी होता है, तो भगोड़े की अंतरराष्ट्रीय यात्रा को रोकने के लिए पासपोर्ट रद्द कर दिया जाना चाहिए। अगर हम इस प्रावधान को सिस्टम में शामिल कर सकें, तो इससे भगोड़ों को वापस लाने में मदद मिलेगी।'' सभी राज्य पुलिस प्रमुखों की भागीदारी वाले दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान गृह मंत्री ने कहा कि भगोड़ों पर एक वैज्ञानिक डेटाबेस विकसित किया जाना चाहिए और इसे सभी राज्यों के साथ साझा किया जाना चाहिए, जिसमें अपराधियों द्वारा किए गए अपराध का प्रकार, वर्तमान स्थान, देश में स्थित गिरोह और प्रत्यावर्तन प्रयासों की स्थिति शामिल होनी चाहिए। उन्होंने प्रत्येक राज्य से भगोड़ों के लिए एक विशेष जेल बनाने का भी आग्रह किया, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुकूल हो।

## दो दिनों में 258 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि पिछले दो दिनों में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में 258 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। शाह ने नक्सलियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जो लोग आत्मसमर्पण करने को तैयार हैं उनका स्वागत है, लेकिन जो लोग हथियार उठाए रहेंगे, उन्हें सुरक्षा बलों की कठोर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ के दो सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों को नक्सल मुक्त घोषित किया। इसे एक ऐतिहासिक दिन बताते हुए उन्होंने घोषणा की कि बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़ में 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।

## गोरखपुर में जूस विक्रेता की गोली मारकर हत्या

**गोरखपुर (उप्र) :** गोरखपुर जिले के बांसगांव क्षेत्र में एक जूस विक्रेता की उसके घर में उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई जब वह सो रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि घटना बुधवार देर रात करीब एक बजे बांसगांव थाना क्षेत्र के गोदासरी गांव की है जहां मुन्ना साहनी (47) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। साहनी के बेटे चंद्रभान ने पुलिस को बताया, ''15-16 अक्टूबर की रात करीब एक बजे उनकी मां आशा देवी ने तेज आवाज सुनी। उन्हें लगा कि कुछ गिर गया है। जब वह देखने गईं, तो उन्होंने पिता जी को खून से लथपथ पाया।' चंद्रभान ने बताया कि उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गोली लगने से उनकी मौत की पुष्टि की।

# रूस को भारत के साथ ऊर्जा व्यापार जारी रखने का भरोसा: उप प्रधानमंत्री नोवाक




**मॉस्को:** रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस को विश्वास है कि भारत के साथ उसका ऊर्जा सहयोग जारी रहेगा। नोवाक का यह बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि भारत ने उन्हें रूस से तेल खरीदना बंद करने का आश्वासन दिया है। स्वतंत्र समाचार एजेंसी 'इंटरफैक्स' ने नोवाक के हवाले से कहा, 'हम अपने मित्रवत साझेदारों के साथ सहयोग जारी रखेंगे। हमारे ऊर्जा संसाधनों की मांग बनी हुई है। यह आर्थिक रूप से व्यवहार्य और व्यावहारिक है।' नोवाक रूस के ऊर्जा क्षेत्र को भी देखते हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि हमारे साझेदार हमारे साथ काम करना, बातचीत करना और ऊर्जा सहयोग विकसित करना जारी रखेंगे।' नोवाक ने यह टिप्पणी ट्रंप के इस दावे के जवाब में की कि जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत, रूसी कच्चा तेल खरीदना बंद कर देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि यद्यपि भारत खरीद में तत्काल कटौती नहीं कर सकेगा लेकिन ऐसा करना जरूर शुरू कर देगा। नोवाक ने कहा, 'आज हमें मीडिया में केवल यही सुनने को मिल रहा है कि हमारे साझेदार यह घोषणा कर रहे हैं कि कोई भी उन पर हुक्म नहीं चला सकता और वे अपना रास्ता स्वयं चुनेंगे।' ट्रंप के तेल व्यापार संबंधी दावों के जवाब में भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह बाजार की स्थितियों को पूरा करने के लिए अपनी ऊर्जा स्रोतों को 'व्यापक कर रहा है और उसमें विविधता' ला रहा है। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि उसकी आयात नीतियां पूरी तरह से राष्ट्रीय हित पर आधारित होंगी।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी; सेंसेक्स 862 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,600 अंक के करीब



**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 862 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 25,585 अंक के स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से भी तेजी को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 862.23 अंक यानी 1.04 प्रतिशत चढ़कर 83,467.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,010.05 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 261.75 अंक यानी 1.03 प्रतिशत बढ़कर 25,585.30 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक में सबसे ज्यादा 2.67 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा टाइटन, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, इटर्नल और इन्फोसिस नुकसान में रहीं।

## भारत में 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान यूपीआई के जरिये: आरबीआई गवर्नर




**नयी दिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत में लगभग 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान यूपीआई के माध्यम से होते हैं और देश समावेशी और सुरक्षित डिजिटल सार्वजनिक मंच के मामले में अध्ययन का विषय बन सकता है। उन्होंने मंगलवार को वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों के दौरान आरबीआई द्वारा आयोजित 'डिजिटल सार्वजनिक मंच' (डीपीपी) के माध्यम से आर्थिक मजबूती बनाने पर उच्च-स्तरीय बातचीत' में यह कहा। डीपीपी समावेशी वृद्धि और नवाचार का एक महत्वपूर्ण जरिया बन गया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि डिजिटल पहचान (आधार) और तुरंत भुगतान (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस... यूपीआई) ने सफलतापूर्वक यह प्रदर्शित किया है कि बड़े पैमाने पर मजबूत, लागत-प्रभावी सार्वजनिक सेवा वितरण प्रणाली कैसे बनाई जाए। मल्होत्रा ने अपने संबोधन में भारत के डीपीपी परिवेश और डिजिटलीकरण एवं वित्तीय समावेश, विशेष रूप से सरकारी भुगतान में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' की सच्ची भावना के अनुरूप, भारत डिजिटल बदलाव में तेजी लाने के लिए ऐसे मंच के इर्द-गिर्द अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, 'हमारे लिए, मार्गदर्शक सिद्धांत सार्वजनिक क्षेत्र में ऐसे मंच का निर्माण करना रहा है जो जनहित के रूप में उपयुक्त सुरक्षा उपायों के साथ और बिना किसी लाभ के उद्देश्य से हों।

## भारत, ऑस्ट्रेलिया ने ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर की चर्चा

**नयी दिल्ली:** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को ऊर्जा दक्षता और संबंधित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और संवाद को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। बिजली मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि हरित हाइड्रोजन की भूमिका को स्वीकार करते हुए, दोनों देशों ने ऊर्जा संसाधनों के लिए भरोसेमंद व्यापारिक साझेदार होने की प्रतिबद्धता दोहराई और विविध, सुरक्षित और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं की अहमियत को स्वीकार किया। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने नयी दिल्ली में भारत-ऑस्ट्रेलिया ऊर्जा वार्ता की पांचवीं बैठक आयोजित की। बैठक की सह-अध्यक्षता बिजली और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल और ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रमंडल सरकार के जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन एमपी ने की। बातचीत में शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन की ओर वैश्विक बदलाव, व्यावहारिक सहयोग और ऊर्जा दक्षता एवं सक्षम प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में संवाद को बढ़ावा देने जैसे उपायों पर चर्चा हुई।

## दिवाली से पहले सोने में उछाल; आभूषण के बजाय छड़, सिक्के खरीद रहे हैं ग्राहक



**मुंबई:** व्यापारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिवाली और शादी के मौसम से पहले सोने की कीमतें अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर हैं, लेकिन इससे उपभोक्ता मांग में कोई कमी नहीं आई है। हालांकि, कई लोग आभूषणों की बजाय 'ठोस सर्राफा' को तरजीह दे रहे हैं। एमसीएक्स में दिन में सोने की कीमत 1,28,395 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। मुंबई के प्रसिद्ध झावेरी बाजार में उम्मेदलाल तिलोकचंद झावेरी ज्वेलर्स के मालिक वृषांक जैन ने कहा, 'सोने की कीमतें हर दिन बढ़ रही हैं और लोग इस पर नज़र रख रहे हैं और निवेश के लिए आ रहे हैं। आभूषणों की मांग धीमी हुई है, लेकिन लोग सोने की छड़ें और सिक्के खरीद रहे हैं। इस त्योहारी मौसम और शादी के मौसम से पहले हम सोने और चांदी की छड़ों की काफी मांग देख रहे हैं।' उन्होंने पीटीआई-वीडियो को बताया, 'कई खरीदार अग्रिम बुकिंग या सोने के सिक्के खरीदकर मौजूदा कीमतों पर ही खरीदारी कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें आने वाले दिनों में सोने और चांदी की कीमतों में और तेज़ी आने की उम्मीद है।'

### रुपया 12 पैसे बढ़कर 87.96 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ रुपया बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले 12 पैसे बढ़कर 87.96 पर बंद हुआ। प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने और निवेशकों में जोखिम की भावना के फिर से उभरने से यह तेजी आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप और घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत रुख ने निवेशकों को और उत्साहित किया।

### पीएम आवास योजना के तहत 1.41 लाख अतिरिक्त घरों के निर्माण को मंजूरी

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने 'प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई)-शहरी 2.0' के तहत 1.41 लाख अतिरिक्त घरों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही इस योजना के तहत स्वीकृत आवासीय इकाइयों की कुल संख्या 10 लाख से अधिक हो गई है। मंत्रालय ने बयान में बताया कि केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (सीएसएमसी) की बैठक में यह निर्णय लिया गया, जिसकी अध्यक्षता आवास एवं शहरी मामलों के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने की। अतिरिक्त घरों के निर्माण की मंजूरी 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को शामिल करती है। इनमें असम, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, मेघालय, हरियाणा, ओडिशा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

## न्यूज अपडेट

### त्योहारी मांग को पूरा करने को एयरलाइन कंपनियों ने पटना के लिए विशेष उड़ानें शुरू कीं

**नयी दिल्ली:** दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए एयरलाइन कंपनियों ने पटना के लिए विशेष उड़ानें शुरू कर दी हैं। स्पाइसजेट ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने दिल्ली और मुंबई से बिहार की राजधानी पटना के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाने के अलावा, अहमदाबाद, बेंगलुरु और हैदराबाद से भी विशेष त्योहारी उड़ानें शुरू की हैं। एयर इंडिया ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ''एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने दिवाली और छठ पूजा के आसपास बढ़ती त्योहारी मांग को पूरा करने के लिए पटना के लिए 166 अतिरिक्त उड़ानें जोड़ने की घोषणा की है।'

### दूरसंचार विभाग ने ग्राहक नियमों के उल्लंघन के लिए एयरटेल पर 2.14 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**नयी दिल्ली:** दूरसंचार विभाग ने कर्नाटक सर्किल में ग्राहक नियमों के उल्लंघन के लिए भारती एयरटेल पर 2.14 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। लाइसेंस समझौते के अनुसार, कंपनी को ग्राहकों को सेवा में शामिल करने से पहले उनका समुचित सत्यापन सुनिश्चित करना होता है और इसके लिए दूरसंचार विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन अनिवार्य है। दूरसंचार विभाग ने अगस्त, 2025 के लिए ग्राहक आवेदन पत्र (सीएएफ) का एक नमूना ऑडिट किया, जिसमें पाया गया कि भारती एयरटेल ने लाइसेंस समझौते के तहत निर्धारित ग्राहक सत्यापन मानदंडों का उल्लंघन किया है।

### जियो फाइनेंशियल का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ मामूली बढ़त के साथ 695 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली:** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 0.9 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 695 करोड़ रुपये रहा है। रिलायंस समूह की वित्तीय सेवा कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 689 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। जियो फाइनेंशियल ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जुलाई-सितंबर, 2025 के दौरान उसका परिचालन राजस्व बढ़कर 981 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल की समान तिमाही में यह 694 करोड़ रुपये था।

### पंजाब एंड सिंध बैंक का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 295 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली:** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक (पीएसबी) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ लगभग 23 प्रतिशत बढ़कर 295 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में बैंक ने 240 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने मार्च, 2027 तक एक या अधिक किस्तों में कुल मिलाकर 5,000 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाने को मंजूरी दे दी है। इसमें क्यूआईपी/एफपीओ/राइट्स इश्यू के माध्यम से 3,000 करोड़ रुपये और बॉन्ड के माध्यम से 2,000 करोड़ रुपये जुटाना शामिल है।

### नेस्ले दो साल के भीतर 16,000 नौकरियों की कटौती करेगी

**न्यूयॉर्क:** दिग्गज खाद्य उत्पाद कंपनी नेस्ले ने अपना वित्तीय प्रदर्शन सुधारने के इरादे से अगले दो साल में वैश्विक स्तर पर 16,000 नौकरियों में कटौती करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। नेसकैफे और प्यूरिना जैसे ब्रांड के लिए मशहूर स्विस कंपनी नेस्ले ने बयान में कहा कि वह करीब 16,000 कर्मचारियों की छंटनी को अगले दो साल के भीतर अंजाम देगी। कंपनी ने कहा कि कुल 12,000 कार्यालय-स्तरीय पदों में कटौती की जाएगी, जिससे अगले साल के अंत तक एक अरब स्विस फ्रैंक (1.25 अरब डॉलर) की वार्षिक बचत होने की संभावना है। शेष 4,000 पदों में कटौती उत्पादन और आपूर्ति शृंखला में सुधार से जुड़े प्रयासों के तहत की जाएगी। नेस्ले के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फिलिप नव्राटिल ने कहा, दुनिया बदल रही है, और नेस्ले को तेजी से बदलने की जरूरत है। इसके साथ ही कंपनी ने अपनी लक्षित लागत कटौती को बढ़ाकर अगले साल के अंत तक तीन अरब स्विस फ्रैंक (3.76 अरब डॉलर) कर दिया है जबकि पहले यह 2.5 अरब स्विस फ्रैंक (3.13 अरब डॉलर) तय किया गया था।



For Retail and Wholesale Orders : • VIP - 98300 11120 • Burra Bazar - 98300 11135/98300 11136 • Brabourne Road - 98300 11139 • Misti Hub - 98300 11138 • Sealdah - 98300 11140 • Hazra - 98300 11137 • Barrackpore - 98300 11192 • G. T. Road - 98756 11243 • Baruipur - 7797857567 • Siliguri - 98300 11143 • Rangoli Mall - 98756 11168 • Kankurgachi - 98300 11134 • Elliot Road - 98300 11141
AVAILABLE AT YOUR NEAREST STORE, IN FOOD MARTS AT LEADING SHOPPING MALLS AND ON ALL MAJOR ONLINE PLATFORMS
Corporate Office : Haldiram Bhujiawala Limited, VIP Main Road, Kolkata - 52 | Email : enquiry@prabhujipurefood.com
PrabhujiPureFood | For Business Enquiry & Corporate Booking : +91 98300 11127 | For Trade Enquiry, Call : 98756 11111
Available on : blinkit | Flipkart | RelianceSMART | spencer's | METRO | Swiggy instamart | JioMart | more. www.prabhujipurefood.com
*'PURE' does not represent its true nature. Due to its compound ingredients products.
Scan to visit our website

# बिहार में 'विकास बनाम बुर्के' की शरारत कर रहे हैं कांग्रेस और राजद: योगी



**दानापुर (बिहार):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को बिहार में महागठबंधन पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस तथा उनके अन्य सहयोगी दल मतदान केंद्रों पर बुर्का पहनी महिलाओं की पहचान करने के संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देशों का विरोध कर 'विकास बनाम बुर्के' की नई शरारत कर रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार में उतरे आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर 'घुसपैठियों' के जरिये फर्जी मतदान करवाने की मंशा रखने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा, बिहार राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के शासन में विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। बिहार की एक विकास को बाधित करने के लिए कांग्रेस, राजद और उनके सहयोगी दलों ने एक नई शरारत शुरू की है। यह विकास बनाम बुर्के की शरारत है।' पटना के बाहरी इलाके दानापुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, क्या फर्जी मतदाताओं को वोट डालने दिया जाना चाहिए? कांग्रेस और राजद यही चाहते हैं, इसलिए बुर्के को लेकर इतना हंगामा मचा रहे हैं। यही कारण है कि वे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का भी विरोध करते रहे हैं, क्योंकि वे पुराने बैलेट पेपर के उस दौर को वापस लाना चाहते हैं, जिसमें उनके गुर्गे बूथ लूट सकते थे। उन्होंने बिहार और उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा, अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण के बाद अब सीतामढ़ी का भी कायाकल्प किया जा रहा है। दोनों स्थलों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करने पर भी काम चल रहा है। आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था का जिक्र किया और कहा कि राज्य जिन माफियाओं का सफाया किया गया, वे राजद के साझेदार थे। उन्होंने दावा किया, राजग के शासन में बिहार में भी उनका वही हश्र होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राजद ने कांग्रेस की गोद में बैठकर जयप्रकाश नारायण (जेपी) की विचारधारा को भुला दिया है, जबकि लालू प्रसाद ने अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत इसी लोकनायक के आंदोलन से की थी, जिन्होंने आपातकाल से पहले पूरे देश को झकझोर दिया था और इंदिरा गांधी की हार का रास्ता तैयार किया था।

### बिहार चुनाव : तेज प्रताप यादव के पास 2.88 करोड़ की संपत्ति

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव कुल 2.88 करोड़ रुपये की संपत्ति के मालिक हैं और गत पांच वर्ष में उनकी संपत्ति में मामूली वृद्धि हुई है। तेज प्रताप ने यह जानकारी बृहस्पतिवार को महुआ विधानसभा सीट से जनशक्ति जनता दल के प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करते समय जमा हलफनामे में दी है। राजद से निष्कासित किए जाने के बाद तेज प्रताप ने हाल ही में जनशक्ति जनता दल नामक नया राजनीतिक दल बनाया है। नामांकन पत्र के साथ निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दाखिल किए गए हलफनामे में यादव ने बताया कि उनके पास 91.65 लाख रुपये की चल संपत्ति है, जो वर्ष 2020 में घोषित 1.22 करोड़ रुपये से कम है। वहीं, उनकी अचल संपत्ति 1.96 करोड़ रुपये है, जो पांच वर्ष पहले 1.6 करोड़ रुपये थी। हलफनामे के अनुसार, यादव पर आठ आपराधिक मामले लंबित हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान: सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत, एक घायल

**जयपुर:** बालोतरा कस्बे के पास सड़क हादसे में एक एसयूवी गाड़ी में सवार चार दोस्तों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह भीषण हादसा एक एसयूवी के ट्रेलर से टकराने के कारण हुआ। हादसे में एसयूवी कार में आग लग गई और उसमें सवार चार युवकों की जलने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसा बालोतरा तहसील के सिणधरी क्षेत्र के सड़ा गांव के पास मेगा हाईवे पर हुआ। गुड़ामालानी तहसील के डाबड़ा गांव के पांच युवक बुधवार देर रात सिणधरी में काम के बाद घर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार उनकी एसयूवी की सामने से आ रहे ट्रेलर से भिड़ंत हो गई। टक्कर के कारण एसयूवी में आग लग गई और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### उत्तर प्रदेश के बलिया में मुठभेड़ के बाद दो वांछित बदमाश गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले की बैरिया और सिकन्दरपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मुठभेड़ में हत्या के एक आरोपी सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि पहली मुठभेड़ बुधवार देर रात लगभग एक बजे बैरिया में हुई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने रिसाल राय में चांददीयर जयप्रकाश नगर बंधा सड़क मार्ग पर जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल से आ रहे व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया लेकिन चालक ने रुकने के बजाय वाहन की गति तेज कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मोटरसाइकिल का पीछा कर उसे घेर लिया लेकिन तभी चालक ने जान से मारने के इरादे से गोली चला दी जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की।

### झारखंड: प्रेम प्रसंग में हत्या के संदेह में युवती का शव कब्र से निकाला गया

**पलामू (झारखंड):** झारखंड के पलामू जिले में एक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में 18 वर्षीय युवती का शव कब्र खोदकर निकाला गया, जिसे कथित तौर पर उसके परिवार ने पुलिस को सूचित किए बिना दफना दिया था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना पिपराटाड़ थाना क्षेत्र के होटवार गांव में घटी। पिपराटाड़ पुलिस थाने के प्रभारी पी सुबोध ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि युवती के शव को उसके परिवार ने सोमवार को दफना दिया था और दावा किया था कि उसने आत्महत्या की है। सुबोध ने कहा, संदेह इसलिए उत्पन्न हुआ क्योंकि आत्महत्या या अन्य अप्राकृतिक मौत के मामलों में पुलिस को सूचित किया जाना चाहिए लेकिन इस मामले में पुलिस को सूचना नहीं दी गई।

### हरदोई में सड़क पर मिला मगरमच्छ, ग्रामीणों ने पकड़ा

**हरदोई (उप्र):** हरदोई जिले के पिहानी थाना इलाके के कुंवरपुर बघेला गांव में बुधवार को सड़क पर एक मगरमच्छ देखे जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। स्थानीय लोग अचानक सड़क पर मगरमच्छ को देखकर चौंक गए। पुलिस ने बताया कि जैसे ही यह खबर फैली, सैकड़ों ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और डर का माहौल पैदा हो गया। सूचना मिलने पर वन विभाग को अलर्ट किया गया, लेकिन अधिकारियों के आने से पहले ही ग्रामीणों ने घंटों की कोशिश के बाद मगरमच्छ को पकड़कर उसे रस्सियों से बांध दिया। उप जिलाधिकारी अंकित तिवारी ने बताया कि बाद में वन विभाग ने मगरमच्छ को अपने कब्जे में लिया और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।

### अयोध्या दीपोत्सव के लिए तैयार; होटल और राम मंदिर दर्शन के 'स्लॉट' लगभग पूरी तरह बुक

**अयोध्या (उप्र):** अयोध्या में आगामी दीपोत्सव को लेकर भक्तों का उत्साह चरम पर है। अधिकारियों और होटल मालिकों ने बृहस्पतिवार को बताया कि राम मंदिर में दर्शन के लिए ऑनलाइन 'स्लॉट' 29 अक्टूबर तक लगभग पूरी तरह से बुक हो चुके हैं। पिछले आठ वर्षों में अयोध्या का दीपोत्सव विश्व प्रसिद्ध आयोजन बन चुका है। सरयू नदी के किनारे और प्रमुख मंदिरों में लाखों दीप जलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए गए हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, 'इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में ऑनलाइन बुकिंग हुई हैं। बुकिंग खुलने के कुछ ही घंटों में हजारों पास बुक हो गए। 'राम दरबार' दर्शन के लिए ऑनलाइन 'स्लॉट' 29 अक्टूबर तक पूरी तरह से बुक हो चुके हैं।


## राजद से निष्कासित तेजप्रताप ने जनशक्ति जनता दल की टिकट पर महुआ सीट से नामांकन भरा



**हाजीपुर (बिहार):** पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने बृहस्पतिवार को वैशाली जिले की महुआ विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। तेज प्रताप को हाल में उनके पिता एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पार्टी से निष्कासित कर दिया था। उन्होंने हाल में अपनी नयी राजनीतिक पार्टी जनशक्ति जनता दल का गठन किया था। नामांकन दाखिल करने के दौरान तेज प्रताप अपने साथ अपनी दिवंगत दादी की तस्वीर लिए हुए थे। नामांकन दाखिल करने के बाद राजद प्रमुख लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेजप्रताप ने संवाददाताओं से कहा, मैंने महुआ में बहुत काम किया है... जब मैं यहां से विधायक था, तो मैंने इस क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज की मंजूरी दिलाई थी। अब मैं वादा करता हूं कि अगर जनता मुझे फिर से मौका देती है, तो मैं महुआ में एक इंजीनियरिंग कॉलेज भी मंजूर करवाऊंगा। इसके अलावा, मैं क्षेत्र के अन्य विकास कार्य भी जारी रखूंगा। तेजप्रताप इससे पहले 2020 तक महुआ सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, जिसके बाद पार्टी ने उन्हें हसनपुर से चुनाव लड़ाया था।

## संभल हिंसा का मुख्य आरोपी विदेश में मिला

### इंटरपोल के ज़रिए उसे वापस लाने की कोशिशें जारी



**संभल (उप्र):** उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा मामले का मुख्य आरोपी विदेश में मिला है और खुफिया एजेंसियों एवं इंटरपोल की मदद से उसे भारत वापस लाने की कोशिश जारी है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मुख्य आरोपी, शारिक साटा ने अपने साथियों के साथ मिलकर पिछले साल 24 नवंबर को संभल में हुई हिंसा की योजना बनायी थी। संभल में यह हिंसा पिछले साल 24 नवंबर में शाही जामा मस्जिद के दूसरे सर्वे के बाद हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई जबकि 29 पुलिसवाले घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एक और आरोपी, मुल्ला अफ़रोज़ - जो शारिक का साथी है और अभी मुरादाबाद जेल में बंद है - पर रासुका के तहत मामला दर्ज किया गया है। बिश्नोई ने आगे कहा कि अफ़रोज़ पर 11 आपराधिक मामले हैं और उसका लूट और हत्या जैसे गंभीर आपराधिक इतिहास रहा है। अधिकारी ने कहा कि वह 2014 में समाजवादी पार्टी के मौजूदा विधायक इकबाल महमूद के घर के बाहर गोलीबारी की घटना में भी शामिल था। बिश्नोई ने कहा, मुख्य आरोपी, शारिक साटा, अभी विदेश में है। पुलिस उसे ढूंढने की पूरी कोशिश कर रही है। भारत में उसके पिछले संबंधो का पता लगाया जा रहा है, और इंटेलिजेंस एजेंसियों को भी इसमें शामिल किया गया है। उसकी जानकारी पता होने के बाद, उसे इंटरपोल चैनलों के ज़रिए भारत वापस लाया जाएगा। एसपी ने यह भी कहा कि हिंसा कीयोजना करने और भड़काने में शामिल दूसरे आरोपियों पर भी रासुका के तहत कार्रवाई होगी। संभल विवाद 19 नवंबर, 2024 का है, जब वकील हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन समेत कई लोगो ने संभल जिला अदालत में एक मामला दर्ज किया किया था, जिसमें दावा किया गया था कि शाही जामा मस्जिद एक मंदिर के ऊपर बनाई गई थी।

## न्यूज अपडेट

### भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता खेसारी लाल यादव राजद में शामिल हुए, पत्नी को टिकट की उम्मीद



**पटना:** बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सबसे लोकप्रिय बोली भोजपुरी के सबसे प्रसिद्ध गायकों और अभिनेताओं में से एक खेसारी लाल यादव बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल हो गए। यादव अपनी पत्नी चंदा (जो गृहिणी हैं) के साथ पार्टी में शामिल हुए। ऐसी अटकलें हैं कि चंदा को पार्टी का टिकट मिल सकता है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के आवास पर देर रात अचानक आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उनके बेटे और बिहार विधानसभा में निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दंपति के पार्टी में शामिल होने की घोषणा की।

### रेल मंत्री ने रेलवे स्टेशनों पर अनेक यात्री सुविधाओं का लोकार्पण किया



**जयपुर:** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उत्तर पश्चिम रेलवे क्षेत्र में विभिन्न यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए बृहस्पतिवार को 65 छोटे एवं मध्यम स्टेशनों पर नए प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म उन्नयन एवं विस्तार तथा एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का लोकार्पण किया। जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में रेल मंत्री ने जयपुर-असारवा एक्सप्रेस के सभी वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों के लिए 'प्रिंटेड' कंबल कवर सुविधा की भी शुरुआत की। रेलवे के प्रवक्ता के अनुसार, मंत्री ने प्रिंटेड कंबल कवर सुविधा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों के उपयोग को प्रोत्साहित कर 'वोकल फॉर लोकल' मिशन को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है और नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं।

### जैसलमेर बस हादसा: मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**जयपुर:** राजस्थान सरकार ने जैसलमेर बस हादसे में जान गंवाने वालों के आश्रितों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसके तहत मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर बस हादसे के मृतको के आश्रितों और घायलों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है तथा उन्हें पूरी मदद देने और घायलों के हरसंभव उपचार के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके तहत मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। जिन परिवारों में तीन या अधिक लोगों की मृत्यु इस दुर्घटना में हुई है, उन परिवारों को 25-25 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। गंभीर घायलों को 2-2 लाख रुपये एवं अन्य घायलों को 1-1 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। शर्मा ने मुख्यमंत्री सहायता कोष नियमों में शिथिलता देते हुए यह स्वीकृति प्रदान की है। मंगलवार को दोपहर बाद जोधपुर जा रही एक निजी बस में जैसलमेर से रवाना होने के बमुश्किल दस मिनट बाद आग लग गई। देखते ही देखते बस आग का गोला बन गई और 19 यात्री जिंदा जल गए और 16 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर रूप से घायलों में से एक ने मंगलवार रात अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। एक अन्य घायल की बुधवार को मौत हो गई।

## अमित शाह बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे



**पटना:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय दौरे पर चुनावी राज्य बिहार पहुंचे, जहां वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन से जुड़ी बैठकें करेंगे, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे और कई जन सभाओं को संबोधित करेंगे। यह जानकारी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने दी। भाजपा की बिहार इकाई के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शाह का स्वागत किया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्री बृहस्पतिवार देर शाम भाजपा के संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और शुक्रवार को तरैया तथा अमनौर विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं संबोधित करेंगे। इसके अलावा, वह शुक्रवार को ही पटना के ज्ञान भवन में बुद्धिजीवियों की एक बैठक को भी संबोधित करेंगे। सूत्रों ने बताया कि शाह अपने बिहार प्रवास के दौरान भाजपा के कुछ उम्मीदवारों के नामांकन रैली में भी शामिल हो सकते हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, अगले चार दिन में राज्य की सभी 243 विधानसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। गृह मंत्री सभी पार्टी नेताओं को राजग सहयोगियों के साथ बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के निर्देश देंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री समेत भाजपा के कई शीर्ष नेता बिहार आएंगे ताकि नामांकन प्रक्रिया के दौरान राजग उम्मीदवारों का मनोबल बढ़ाया जा सके।

## सम्राट चौधरी ने दाखिल किया नामांकन, कहा: राजग शासन में बिहार विकास के मार्ग पर अग्रसर



**पटना:** बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को मुंगेर जिले की तारापुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया और कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार में राज्य समृद्धि और विकास के मार्ग पर अग्रसर है। वर्तमान में विधान परिषद सदस्य चौधरी 15 साल बाद विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में चौधरी ने कहा, लोगों ने राजग शासन में हुए विकास कार्यों को देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। हर क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं और राजग शासन ने बिहार को समृद्धि और तीव्र विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है। उनका कहना था कि जनता के आशीर्वाद से राजग आगामी विधानसभा चुनावों के बाद एक बार फिर सहज बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। चौधरी ने कहा, जनता के सामने दो विकल्प हैं एक तरफ विकास के लिए राजग है और दूसरी तरफ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाला 'महागठबंधन', जिसकी नीतियां विनाशकारी हैं। आज बिहार का कुल बजट 3.17 लाख करोड़ रुपये है, जो दर्शाता है कि राज्य कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि वह पिछला विधानसभा चुनाव 2010 में राजद प्रत्याशी के रूप में परबत्ता सीट से जीते थे, जबकि इस बार पार्टी ने उन्हें निकट की सीट तारापुर से उम्मीदवार बनाया है।

### अयोध्या: दीपोत्सव में 28 लाख दीये जलाने की तैयारियां जोरों पर

**अयोध्या (उप्र):** अयोध्या में आगामी 19 अक्टूबर को जिले के 56 घाटों पर 28 लाख दीये रोशन करके नया कीर्तिमान बनाने की जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। राज्य सरकार की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक आगामी 19 अक्टूबर को आयोजित होने वाले नौवें दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी जोरों पर है। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव को भव्य और दिव्य स्वरूप देने में अपनी पूरी क्षमता के साथ जुटा हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने राम की पैड़ी पहुंचकर घाटों की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर से बृहस्पतिवार को सात बसों पर सवार होकर स्वयंसेवक दीपोत्सव स्थल के लिए रवाना हुए। दीपोत्सव यातायात समिति के संयोजक प्रोफेसर अनूप कुमार की देखरेख में राम की पैड़ी के घाटों पर दीये स्थापित करने का काम शुरू हो गया है।

## नीतीश के नेतृत्व में एक बार फिर जीत हासिल करेगा राजग: मोहन यादव



**पटना:** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) एक बार फिर जीत हासिल करेगा। उन्होंने पटना जिले के विक्रम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सिद्धार्थ सौरभ के समर्थन में एक सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल तथा कांग्रेस पर भी निशाना भी साधा और कहा कि बिहार की जनता ने जंगलराज देखा है। सिद्धार्थ सौरभ 2020 में कांग्रेस के टिकट पर विक्रम विधानसभा से चुनाव जीते थे और उन्होंने इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में पिछले दिनों शामिल हुए। भाजपा के टिकट पर बृहस्पतिवार को अपना नामांकन दाखिल किया है। यादव ने कहा, नीतीश कुमार ने सुशासन के सिद्धांतों से बिहार को विकास की नई गति दी है। बिहार हर काल में अग्रणी रहा है। अवंतिका (उज्जैन) और पाटलिपुत्र का दो हजार साल पुराना रिश्ता है। सम्राट अशोक जब गद्दी संभालने वाले थे, तब वे उज्जैन में थे और यहीं से बिहार लौटे थे।' उनका कहना था, 'बिहार महात्मा बुद्ध की धरती है। हमारे प्रत्याशी सिद्धार्थ सौरभ ने जनता की निस्वार्थ भाव से सेवा की है। बिहार की जनता ने जंगलराज भी देखा है। कांग्रेस और विपक्षी दलों के शासन में लाइसेंस, कोटा और परमिट राज चलता था। कांग्रेस ने युवाओं की प्रतिभा का गला घोंटा और बिहार को बर्बादी की ओर धकेल दिया।

## वाराणसी के डॉक्टर की डिग्री से भदोही में संचालित अस्पतालों का पंजीकरण रद्द

**भदोही (उप्र):** वाराणसी के एक नेत्र रोग विशेषज्ञ की डिग्री का उपयोग कर भदोही में संचालित दो अस्पतालों का बृहस्पतिवार को भंडाफोड़ किया गया और इन दोनों अस्पतालों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार चक ने बताया कि वाराणसी में वरदान नेत्रालय के नाम से आंख का अस्पताल संचालित करने वाले डॉ. गौरव अग्रवाल की शिकायत पर भदोही के मनीष अस्पताल और निशा क्लिनिक का पंजीकरण आज पोर्टल से रद्द कर दोनों अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि डॉ. गौरव अग्रवाल ने अस्पताल के पंजीकरण का नवीनीकरण कराने के लिए आवेदन किया था, तभी इस गंभीर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।

## सहनी का राजग में था सम्मान, महागठबंधन में बन गए हैं 'डगरा का बैंगन': दिलीप जायसवाल



**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जारी गतिरोध को लेकर बृहस्पतिवार को कटाक्ष किया और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) तथा कांग्रेस पर विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष मुकेश सहनी के अपमान का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि सहनी का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में जो सम्मान था, वो अब खत्म हो गया है और विपक्षी गठबंधन में उन्हें 'डगरा का बैंगन' बनाकर फेंका जा रहा है। 'डगरा का बैंगन' एक स्थानीय मुआवरा है जिसका तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो अस्थिर रुख वाला होता है। जायसवाल ने संवाददाताओं से कहा, महागठबंधन में मुकेश सहनी के साथ अन्याय हो रहा है। उनके साथ जो व्यवहार किया जा रहा है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।' भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार, सहनी सिर्फ एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि मल्लाह और निषाद समाज की आवाज हैं। उन्होंने कहा, मुकेश सहनी का अपमान सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज का अपमान है।

## यूपी के पुलिस महानिदेशक ने त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और भीड़ नियंत्रण के निर्देश दिए



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने आगामी त्योहारों के मौके पर मातहत अधिकारियों को चौकसी बरतने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिदेशकों, आयुक्तों, महानिरीक्षकों, उप महानिरीक्षकों तथा जिला पुलिस प्रमुखों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज आदि के संबंध में जारी दिशानिर्देशों में छोटी से छोटी सूचनाओं को भी गंभीरता से लेकर कार्रवाई करने, सोशल मीडिया की सघन निगरानी करने और भ्रामक पोस्ट करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की हिदायत दी है। कृष्ण ने धनतेरस, दीपावली आदि के अवसर पर सर्राफा बाजारों तथा अन्य बाजारों में भीड़-भाड़ के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश देते हुए यह भी कहा कि बाजारों में 'एंटी रोमियो स्क्वाड' को भी सक्रिय रखा जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस के अधिकारी छोटी से छोटी सूचनाओं को भी गंभीरता से लें और मौके पर पहुंचकर विवाद को हल करने एवं संवेदनशीलता को खत्म करने के लिए कड़े प्रभावी उपाय करें। किसी नई परंपरा की अनुमति न दी जाए। डीजीपी ने कहा कि हाल के वर्षों में अथवा इस वर्ष अभी तक जिन स्थानों पर किसी प्रकार का विवाद सामने आया है, वहां पुलिस एवं राजस्व विभाग के राजपत्रित अधिकारी जाकर अभी से स्थिति का अध्ययन कर लें और विवादों को सुलझाने तथा संवेदनशीलता करने के लिए यथासमय प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, बाजारों, मनोरंजन स्थल, पार्कों आदि स्थानों पर पुलिस के कड़े बंदोबस्त किए जाएं और जरूरत पड़ने पर उनका सघन निरीक्षण कराया जाए। शहरों, कस्बों तथा मोहल्लों में पूर्व में गठित शांति समितियों, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों तथा धर्मगुरुओं के साथ जनपद/थाना स्तर पर बैठकें की जाएं।

## जद(यू) ने अपने सभी 101 उम्मीदवार घोषित किए, 37 पिछड़ा, 22 अति पिछड़ा और चार मुस्लिम प्रत्याशी



**पटना:** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख घटक जनता दल (यूनाइटेड) ने बिहार विधानसभा चुनाव में अपने कोटे की सभी 101 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, जिनमें आधे से अधिक प्रत्याशी अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) और अति पिछड़े वर्ग (ईबीसी) से हैं। पार्टी ने चार मुस्लिम प्रत्याशी भी उतारे हैं। जद (यू) ने बुधवार को 44 उम्मीदवारों की दूसरी और अंतिम सूची जारी की। उसने एक दिन पहले 57 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। वह राजग के घटक के रूप में 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जद (यू) ने अपने प्रत्याशियों का जातिगत वर्गीकरण भी सार्वजनिक किया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पार्टी का मुख्य ध्यान पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग ही बना हुआ है। कुल 101 उम्मीदवारों में 37 ओबीसी और 22 ईबीसी वर्ग से हैं। इसके अलावा 22 उम्मीदवार सवर्ण समुदाय से हैं, जबकि चार मुस्लिम प्रत्याशियों को सूची में भी जगह दी गई है। पार्टी को लेकर ऐसी धारणा बन रही थी कि भाजपा के साथ लंबे गठबंधन और वक्फ जैसे संवेदनशील मुद्दों पर स्वतंत्र रुख न ले पाने के कारण जद(यू) अब अल्पसंख्यक मतदाताओं से दूरी बना रही है। जद(यू) ने अपनी दूसरी सूची में चार मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट देकर अपनी संतुलित राजनीति का संदेश देने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली पार्टी ने अररिया से शगुफ्ता अजीम, जोकीहाट से मंजर आलम, अमौर से सबा जफर और चैनपुर से जमा खान को उम्मीदवार बनाया है। खान 2020 विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से बिहार में इकलौते विधायक बने थे और बाद में उन्होंने जद(यू) का दामन थाम लिया। वर्तमान में पह अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हैं। नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के उन लगभग सभी मंत्रियों को फिर से विधानसभा चुनाव में मौका दिया गया है, जो विधानसभा सदस्य हैं। इनमें विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, जमा खान, शीला मंडल और लेशी सिंह प्रमुख हैं।

### कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में अगली सुनवाई सात नवंबर को होगी

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को लंबित आवेदनों पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा और सुनवाई की अगली तिथि सात नवंबर निर्धारित की है। न्यायमूर्ति अविनाश सक्सेना ने दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद यह तिथि तय की। चूंकि इस मामले की पहले सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र अब इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में बैठ रहे हैं, अतः यह मामला अब न्यायमूर्ति अविनाश सक्सेना को सौंपा गया है। बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति सक्सेना ने दस्तावेजों का सत्यापन किया और दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को लंबित आवेदनों पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

# पर्थ में टीम की ट्रेनिंग के दौरान कोहली, रोहित ने जमकर बहाया पसीना

**पर्थ:** सीनियर स्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा ने यहां पहुंचते ही जमकर अभ्यास किया और रविवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला से पहले भारतीय टीम के पहले ट्रेनिंग सत्र के दौरान नेट्स पर काफी पसीना बहाया। सभी की निगाहें रोहित और कोहली पर है जो पिछली बार भारत के लिए फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खेले थे और अब केवल 50 ओवर के प्रारूप में ही उपलब्ध हैं। दोनों पूर्व भारतीय कप्तान ने नेट्स में करीब 30 मिनट तक बल्लेबाजी की। भारतीय टीम 29 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीन एकदिवसीय और पांच टी20 मैच के सीमित ओवरों



के दौरे के लिए बुधवार और बृहस्पतिवार को दो समूहों में यहां पहुंची। रोहित को नेट्स में समय बिताने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते भी देखा गया। कोहली और रोहित दोनों ने इस साल की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और पिछले साल बारबडोस में विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहा था। यह आखिरी बार हो सकता है जब ये दोनों महान खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में खेलें। विश्व कप 2027 में इन दोनों की भागीदारी अभी तय नहीं है क्योंकि उस समय उनकी फॉर्म और फिटनेस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। हालांकि नए कप्तान शुभमन गिल ने दोनों सुपरस्टार्स के अपार अनुभव को देखते हुए उनका समर्थन किया है। नेट सत्र के बाद कोहली को गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के साथ बातचीत करते देखा गया जिसके बाद उन्होंने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ भी बात की। टीम का शुक्रवार और शनिवार को एक ट्रेनिंग सत्र है।

## कोहली के साथ रणजी मैच में पदार्पण से चूकने के बाद दोसेजा ने जड़ा दोहरा शतक



**नयी दिल्ली:** आयुष दोसेजा को जब इस साल की शुरुआत में रेलवे के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के लिए दिल्ली टीम में चुना गया तो वह अपने बचपन के आदर्श विराट कोहली के साथ खेलने के अपने सपने को साकार करने के बहुत करीब थे लेकिन चोट लगने के कारण इससे बाहर हो गए थे। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'नियति ने मेरे लिए कुछ और ही सोच रखा था।' दोसेजा सीके नायडू (अंडर-23) सत्र में 550 से ज्यादा रन बनाकर आत्मविश्वास से भरे हुए थे। रणजी ट्रॉफी मुकाबले से एक मैच पहले राजकोट में दोसेजा सौराष्ट्र के मैच के दौरान अन्य रिजर्व खिलाड़ियों के साथ ट्रेनिंग कर रहे थे तभी उनका टखना मुड़ गया और वह मैच से बाहर हो गए। कोहली ने कोटला में अपने करियर का आखिरी लाल गेंद का मैच खेला और पदार्पण करने की दौड़ में बने हुए दोसेजा मौका चूक गए।

## विदेशी लीग में खेलने से भारतीय खिलाड़ियों को अच्छा अनुभव मिलेगा: शास्त्री

**सिडनी:** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अधिक से अधिक भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने की अनुमति देने की वकालत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने से उन्हें अच्छा अनुभव मिलेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभी अपनी सक्रिय खिलाड़ियों को विदेशी टी20 लीग में खेलने की अनुमति नहीं देता। भारतीय क्रिकेटर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने और बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने के बाद ही विदेश में खेल सकते हैं। अनुभवी ऑफ स्पिनर



रविचंद्रन अश्विन हाल ही में बिग बैश लीग (बीबीएल) में शामिल होने वाले पहले शीर्ष भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने आगामी सत्र के लिए सिडनी थंडर के साथ अनुबंध किया है। शास्त्री ने विलो टॉक पॉडकास्ट पर कहा, ''भारत एक विशाल देश है। वहां हर किसी को खेलने का मौका नहीं मिलता, हर कोई सफल नहीं हो पाता।

## सलमान की जगह शादाब बन सकते हैं पाकिस्तान टी20 टीम के कप्तान

**कराची:** अनुभवी ऑलराउंडर शादाब खान को सलमान अली आगा की जगह पाकिस्तान की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। पाकिस्तान की तरफ से अब तक 70 एकदिवसीय और 112 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा ले चुके शादाब ने इस साल के शुरू में लंदन में अपने कंधे की सर्जरी कराई थी इसके बाद वह खेल से बाहर हैं। शादाब हालांकि अब फिट हैं और वह अगले महीने वापसी कर सकते हैं। उनकी वापसी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि वह सलमान की जगह राष्ट्रीय टी20 कप्तान बन सकते हैं। सर्जरी से पहले वह इस प्रारूप में उप-कप्तान थे।

## एलिसा का शतक, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंदा


**विशाखापत्तम:** गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज और कप्तान एलिसा हीली के नाबाद शतक और फोएबे लिचफील्ड के साथ उनकी पहले विकेट की अटूट साझेदारी से आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप में बृहस्पतिवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंद दिया। बांग्लादेश के 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान हीली (नाबाद 113 रन, 77 गेंद, 20 चौके) और लिचफील्ड (नाबाद 84 रन, 72 गेंद, 12 चौके, एक छक्का) के बीच पहले विकेट की 202 रन की अटूट साझेदारी से 151 गेंद शेष रहते बिना विकेट खोए 202 रन बनाकर बेहद आसान जीत दर्ज की।

## पटना पाइरेट्स ने बेंगलुरु बुल्स को टाईब्रेकर में 6-4 से हराया

नयी दिल्ली, 16 अक्टूबर (भाषा) पटना पाइरेट्स ने बृहस्पतिवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में निर्धारित समय में 38-38 की बराबरी के बाद हुए टाईब्रेकर में बेंगलुरु बुल्स को 6-4 से शिकस्त दी। अयान लोहचाब ने सुपर 10 से बढ़त बनाई और नवदीप ने चार टैकल में योगदान दिया।









वर्ष 10, पूर्णांक 3386 अंक 196, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in